The second purpose was to make a couple of suggestions. And the reason why I make these suggestions-yes, I know that the Parliament or the Lok Sabha, would be dissolved in a couple of days-is that the next three month would provide the time when the suggestions that I am making, if they are *prima facie* useful, can be considered by the Railway Ministry. And if it has some substance, then perhaps it can be reconsidered after three to four months. This would be a period of lull, I presume, in terms of the political pressure on the Railway Ministry, because everybody would be busy elsewhere. Let me make those two suggestions.

Well, Madam, as I said earlier this is an enterprise of great importance which has been constrained somewhat by the budgetary problems and financial constraints that we have had all over the public sector. Today, I believe-and it would be difficult to contradict this particular point-that we are in a position where this enterprise, the railway enterprise, can not only be the most extensive in the world, but also the most efficient and technically the most advanced in the world, and finance should not be a restraint or a constraint in achieving this objective. We do not have any financial problems today. Whatever is required can be done. You can have the best radar system, the best safety system, the best track system. There is no problem. We have plenty of rupees also available at the lowest interest rates in the last four years. For ten years' bonds, today the interest rate is 5 per cent, for 15 years' bonds, it is 5.5 per cent. So the resources are available for an activity of the kind that we are talking about if we put our minds to it. But to put our minds to it and to take the maximum advantage of this particular process, the whole budgetary process, it seems to me, in the Railways has to change. It is a very, very old system which does not take into account all the commercial realities as they exist. I would suggest-this is entirely for consideration of the present Minister and his staff-that he should divide the Railways Budget into two parts. The balance sheet of the first part, what I call the commercial part, would be as per our best auditing standards as certified by the Chartered Accountants Association or whoever are the regulatory bodies for this. I believe that roughly 80 to 85 per cent of the Budget of

the Railways-Capital Budget as well as the Revenue Budget-can fall into that part which will be commercially viable; which will give revenue stream; which will give a reasonable rate of return and which will allow the Railways to raise the amount of money that they want to raise from the market at rates of interests which are viable. There should be no budgetary support for this part.

Then, there is a part-B, or, whatever you call it,the social part. I think, the Railway Minister is absolutely right that in our country we cannot think of the Railways as being entirely commercial. But the fact remains that probably 80 per cent of it is commercial, which pays for itself in terms of traffic. It is only 15 to 20 per cent for which social consideration is important and should be provided. Every Indian has a right to have Railways within reach Just as he has a right for water within reach; just as he has a right for food within reach. Similarly, he should have Railways within reach. But that is a social responsibility. This part would be the social part. It is not more than 15 or 20 per cent and that is something which should be supported by the consumer. What I am suggesting is something which requires a lot of preparation. That is why I am making it now. We have three months to consider it. The budgetary support, the so-called budgetary support, through the Budget would be for the part that is transparently social. We know that it is social. We should convince ourselves that it is social. The rest of the Railway Budget can be funded by the Financial market. Today, you have the opportunity to remove the financial constraints. This will provide transparency to the whole process rather than muddling the Budget with this, that and the other. I believe that we can raise any amount of resources that the Railways can usefully spend through this particular process. This is a suggestion. This requires a lot of preparation. But, I am sure, the Railways can get the best professional advice on this if, *prima facie,* they consider it useful to consider it.

My second suggestion is that, Madam, this is an old, old system in terms of management as well as in terms of the different layers which are involved in managing this particular enterprise. The second suggestion is, we will benefit if there is a professional "System Audit" of the Railway system, the way we do business, the way we do it. It is not personal; it is the entirety of the manner in which papers move; the way things are done. For example, if you look at the Railway Budget, we

have project; we have schemes; we have missions; we have *yojanas* and we have various kinds of funds. But all of them are concentrated on the same lines. Ultimately, railways are lines, tracks. You are modernising them; you are making them safer; you are putting radar there and so on and so forth. If you have a project which has all these different heads, there is a project; there is a safety scheme with a fund; there is a *yojana* like Vikas Yojana and there is a technical mission, mission for signal and commission, mission for transport-all these are very laudatory purposes. There are also a number of authorities involved, for example, the I IT, HRD, industry, different Departments of Railways and different layers of Railways doing different things. Now, I wounder whether a system audit can be done to improve the way of managing and doing business, to reduce the amount of paperwork, inter-departmental consultations and inter-departmental inputs into it. My guess is that if you do a proper system audit and introduce it over the nex two, three years, then we will save 25-30 per cent in terms of time and 25-30 per cent in terms of cost of doing the business. In the aggregate, it will give you additional amount of resources and savings. It will not change what we want to do, either socially or in terms of the economic purposes, which you have in mind.

Finally, Madam, one thing, which I had informally also taken up, is the excessive noise pollution. In metropolitan areas, overcrowded areas, where there are lakhs and lakhs of inhabitants,it is not the railway track noise, but again the old process of whistling from a distance when there were only villages, and trains passing through a village. So, you are telling the villagers. There may be a very good reason for it, but I have not seen this kind of noise anywhere persistently throughout the night and I am sure that a lot of harm is caused to the congested population, particularly in large towns, metropolitan areas where lakhs and lakhs of people live within two kilometres of railway track. So, this is something that I would urge the Railway Minister to give some attention to this over a period of time. It may take three, four years. This is our own system. This has to be done. Madam, I am sorry for taking your time, but I thought I will make these suggestions which can be examined in the next three or four months. Once again, Madam, let me tell you what a great enterprice that we are talking about, we can all be proud as we disperse from here. Let me just tell the Railway people that they have done a great job. My only purpose is to try and make it greater. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Nobody ever talked about social audit. Everybody talks about the economic audit. That's a good suggestion because what is the social effect of the Railways, that is more important. Now, I call upon Mr. Moolchand Meena.

**श्री मूल चन्द मीणा** : मैडम, रेल मंत्री जी ने अंतरिम रेल बजट पेश किया है और इस अंतरिम बजट में वार्षिक योजना 13,425 करोड़ रूपए की रखी गई है। रेलवे की जब बात आती है तो हम देखते है कि रेलों ने हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में बहुत योगदान दिया है। आज रेल गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो के लिए यातायात का एकमात्र सस्ता साधन है। आज देश के एक करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन रेलों से यात्रा करते है लेकिन रेल मंत्री जी द्वारा जो अंतरिम बजट प्रस्तुत किया है, उसमें तीन बातों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसमें गरीब वर्ग की कहीं बात नही की गई है, मध्यम वर्ग की कहीं बात नही की गई है, केवल ऐसे लोगों की बात की गई है जिनमें से बहुत कम लोग रेलों से यात्रा कर पाते है।

जहां तक सुरक्षा की बात है, रेलों के अंदर असामाजिक तत्वों के द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़, लूट-मार, मार-पीट की घटनाएं तो सुनी थी लेकिन रेल मंत्री जी जब से आए है, पिछले चार साल से, तब से इन घटनाओं के साथ-साथ यह भी सुना जाने लगा कि चलती रेल में से आदमी को धकेल कर गिरा दिया जाता है, मार दिया जाता है। इस प्रकार के असामाजिक तत्व भी आपकी रेलों में चलने लग गए है। रेलों की दुर्घटनाएं होने लग गई, रेलों में असामाजिक तत्वों की भरभार हो गई और आप कह रहे है कि उनमें सुरक्षा करने के लिए हमने योजनाएं बनाई है। 14 योजनाओं के प्रस्ताव आए है लेकिन उन योजनाओं का क्या हुआ ? जब से आपने सुरक्षा पर ध्यान दिया है, तब से ये घटनाएं बढ़ने लग गई है। छोटी-मोटी घटनाएं, लूट-मार की घटनाएं तो आए दिन होती रहती है और इस सदन में उस पर कई बार चर्चा हुई है लेकिन अब शायद प्रधान मंत्री जी का पोता और दूसरे लोग भी सुरक्षित नही है। उनको चलती ट्रेन में से धक्का दे दिया जाता है। कई लोग मारे जाते है जिनकी कोई सूचना नही मिलती है। अखबारों में भी नही आता है लेकिन यह तो प्रधान मंत्री जी का पोता था इसलिए अखबारों में आया और आपने भी इस पर ध्यान दिया। ...(**व्यवधान**)...

**कृषि और ग्रामीण उधोग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संघ प्रिय गौतम)** : आपके जमाने में तो प्रधान मंत्री भी मारे गए थे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मूल चन्द मीणा** : रेलों के अंदर नही मारे गए। आने वाले चुनावों को देखकर आज आपने इस रेल बजट में सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस 18 ट्रेनों की घोषणा कर दी कि ये 18 गाडियां चलाई जाएंगी। मैडम, यह सरकार और इस सरकार के प्रधान मंत्री जी इस देश की जनता को मूर्ख समझते है, बेवकूफ समझते है। आज सारी जनता त्राहि-त्राहि कर रही है फिर भी कहते है कि फील गुड है यह फील गुड क्या है ? मैडम, मैं आज से करीब पांच दिन पहले सवाई माधोपुर गांव में एक किसान

सम्मेलन में गया था। वहां पर पब्लिक के बीच में से एक किसान उठकर कहता है कि पानी की समस्या है। गांव में पीने का पानी नही है। दूसरा किसान उठकर कहता है कि मैं बच्चे की फीस देने के लिए ट्रेन से दिल्ली जा रहा था तो रास्ते में कुछ जेब कतरे डिब्बे में आए और लूट लिया। इसके बाद जो दस-बीस लोग सामने बैठे थे, वे कह रहे थे कि हम बेरोजगार है। हमारे लिए रोजगार के साधन नही है। हमारे लिए कोई नौकरी नही है।हम कहां जाएं? एक किसान उठकर खड़ा हुआ और कहने लगा नेता जी भाषणा बाजी बन्द करो, भाषण मत दीजिए। आपने और आपकी सरकार ने इन चार सालों में 26 घोटाले किए है और कई बड़े-बड़े घोटाले किए है। मैंने कहा कि आप चुप हो जाइए। उन्होंने कहा क्यों ? मैंने कहा कि अब फील गुड फैक्टर है इसलिए चुप हो जाइए। इसलिए रेलवे के अंदर ...(**व्यवधान**)... इसलिए इस सरकार पर, इन लोगो पर और इस देश की जनता पर कोई विश्वास नही करता है। इस फील गुड फैक्टर का परिणाम आने वाले चुनाव में इनको देखने को मिलेगा। जब रिजल्ट्स आएंगे तो पता चलेगा कि फील गुड क्या है ? यह फील गुड है या फील बैड है, पता लगेगा। इसलिए मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आपने घोषणा की है कि मोबाइल से रिजर्वेशन हो जाएगा। मंत्री जी, आप ऎसे परिवार से आते है जो टिकटों के लिए लाइन में लगे रहते है। लाइन में टिकट नही मिलती है और ट्रेन चली जाती है। उन लोगो के लिए आपने क्या किया है ? आप मोबाइल से रिजर्वेशन कराते है, क्या इस देश में गरीबों के पास मोबाइल होता है ? आप फर्स्ट क्लास AC के अंदर यात्रा करते है। क्या कभी आपने सेकेंड क्लास की हालत भी देखी है? कितनी गंदगी डिब्बों के अंदर होती है। प्लेटफार्म पर कितनी गंदगी होती है। मंत्री जी, मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि जो फ्रंटियर मेल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आठ बजे जाती है, मैं 29 तारीख को उससे जा रहा था। मैंने वहां पर देखा कि स्टेशन पर इतनी गंदगी थी कि आदमी दो मिनट के लिए भी वहां रूक नही सकता था। इसके साथ ही मैं आपको सुरक्षा की बात भी बताना चाहूंगा जो लोगो को यातायात साधनों में सुविधा देने की बात है। उस समय गुवाहटी एक्सप्रेस भी जाती है। स्टेशन पर गुवाहटी एक्सप्रेस आए हुए बीस मिनट हो गए थे लोग अपने सिर पर सामान उठाकर खड़े हुए थे। जनरल डिब्बे के सामने खड़े हुए बीस मिनट हो गए थे। आपके जी आरपीएफ वालों ने ताले लगा रखे थे। मैं आपको दिल्ली रेलवे स्टेशन की बात बता रहा हूं कि बाहर खुले में क्या हो रहा था ? वहां पर जो आदमी सौ रूपए दे देता तो उसको अंदर कर देते थे। यह इतना ज्यादा भ्रष्टाचार क्यों है? आप इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या कर रहे है ? आपने यह बात कही है कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हमने विजिलेंस बनाया है। जब विजिलेंस के लोग ही इस भ्रष्टाचार में लिप्त हो तो फिर आपका यह कैसा विजिलेंस है? इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि आप गरीबों पर ध्यान दीजिए क्योंकि जो रेलवे यातायात का साधन है, यह गरीबों का साधन है ...(**व्यवधान**)... इस सदन के अंदर हमको यह कहने का कई बार मौका मिला है। रेलवे के डिब्बों के अंदर बाथरूम आदि की जो सुविधाएं है, आप उनकी हालत तो देखें कि वे कैसे है ? उनमें पानी

नही आ रहा है, वहां गंदगी पडी हुई है । वहां पर कोई सफाई करने वाला नही है । आप सफाई का काम ठेके पर देते है क्योंकि कमीशन का सिस्टम है । इस सरकार में कमीशन लेने वालों की कोई कमी नही है । कमीशन खाने की एक आदत बनी हुई है इसलिए ठेके पर सफाई भी दे दो, बेड रोल दे दो । ऐसी सफाइयां होंगी, ऐसे बेड रोल मिलेंगे । सफाई का कोई नाम नही है । ठेके में कमीशन की व्यवस्था है, इसे बंद कीजिए । इस सरकार में रहते हुए कमीशन का जो सिस्टम आप लोगो ने चलाया है, इस देश की जनता एक-एक का बदला आप लोगो से आने वाले चुनाव में लेने वाली है । मैडम, अभी रेलवे भर्ती की बात आई । मुझे ताज्जुब है, आज तक इस देश में कभी नही हुआ । यह सरकार की देन है । इस सरकार की रेलवे की भर्ती के अंदर जो बेरोजगार लोग गए उनकी भर्ती तो दूर रही, उन्हें पीट-पीटकर भगाया गया मार-पीटकर भगाया गया, उन युवकों को, उन बेरोजगार युवकों को और इस सरकार ने उन लोगो के आंसू तक नही पोंछे । ऐसा दुर्भाग्य, यहां के नौजवानों के साथ हो और रेल मंत्री जी ट्रेनों की लुभावनी घोषणा करके अपने वोट लेना चाहते है । इस वोट लेने की प्रवृत्ति को बंद कीजिए, झूठे वादे करना बंद कीजिए । आपने पिछले बजट में जो वादे किए, वे भी पूरे नही किए, जो भी नई ट्रेन चलाने की बातें कही गई। ट्रेन तो आज चली ही नही । मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि रेलवे के अंदर जो कलपुर्जे और सामान खरीदा जा रहा है उसमें कमीशनबाजी चल रही है । मंत्री जी, इस कमीशनबाजी को रोकिए।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मुर्गो को फ्लू हो रहा है ।

**श्री मूल चन्द मीणा** : क्या कह रहे है ?

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मुर्गो को फ्लू हो रहा है ।

**श्री मूल चन्द मीणा** : किसको ?
**श्री संघ प्रिय गौतम** : मुर्गो को ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I don't know how the chicken come into the picture.

**श्री मूल चन्द मीणा** : चिंता मत कीजिए, थोड़े दिनों में आपको फ्लू होने वाला है । मैडम, रेलवे भर्तियों के अंदर भ्रष्टाचार हो और भ्रष्टाचार करने वाले लोगो के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो, रेलवे में यह जो नया सिस्टम आपके चार साल के कार्यकाल में हुआ, इससे शिक्षित बेरोजगार बहुत दुखी है । इसलिए इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कोई कदम उठाए जाएं, उपाय किए जाएं । अभी जालान साहब कह रहे थे कि प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी अच्छे है । अच्छे क्या है? इस

देश के अंदर छब्बीस घोटाले हों, करोड़ो और अरबों रूपए की छब्बीस घोटाले और फिर भी अच्छे है। प्रधान मंत्री धृतराष्ट्र बनकर बैठे हों। भारतीय जनता पार्टी की तो परिभाषा ही बदल गई है, बीजेपी की तो परिभाषा ही बदल दी गई है। आज लोग बीजेपी के लिए कहने लगे है "बी" से बंगारू, "जे" से जूदेव और "पी" से पार्टी। बंगारू, जूदेव पार्टी कहने लगे। ...(**व्यवधान**)... आप लोगो को बंगारू , जूदेव पार्टी कहने लग गए है। शर्म आनी चाहिए। ऐसे लोगो को दूर कीजिए। आपकी पार्टी का नाम बदनाम हो रहा है।

**श्री जयन्ती लाल बरोट** (गुजरात) **:** रेलवे की बात कीजिए।

**श्री मूल चन्द मीणा** : मैं रेलवे पर ही तो आ रहा हूं , और क्या है? रेलवे आपका ही तो है। आपने रेलवे की जो दुर्गति की है। इसलिए रेल मंत्री जी रेलवे की यातायात की सुविधा को लेकर लोगों के सामने जो कठिनाइयां है, उन कठिनाइयों को दूर करने के लिए आपने बजट में कुछ नही किया है। इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए लोग आपकी तरफ से पछताते रहेंगे, दुबारा आप रेल बजट पेश करने वाले नही है, आपने उन गरीब लोगो के साथ न्याय नही किया है मैं यही कहना चाहता हूं।

**उपसभापति** : थैंक यू।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** (राजस्थान) **:** मैडम, एक मिनट देंगी, मैं भी कुछ कहना चाहती हूं।

**उपसभापति** : ऐसे गाडी अनशेडयूल्ड स्टेशन पर नही रूकती है।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** (राजस्थान) **:** मैडम, मैं ज्यादा टाइम नही लूंगी।

**उपसभापति** : श्रीमती सविता शारदा।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल :** रेल बजट में श्री नीतीश का सिर्फ स्वागत ही करना चाहती हूं।

**उपसभापति** : अच्छा चलिए स्वागत हो गया। उनको बोलना है, सविता शारदा बोलेंगी। अभी आप बैठिए।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : रेल मंत्री जी ने 2004 का बजट पेश किया है।

**उपसभापति** : आप बैठ जाइये।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : मैडम, मैं आपके द्वारा रेल मंत्री जी का स्वागत कर रही हूं।

**उपसभापति** : नही-नही, अभी उनको बोलना है। मैंने सविता शारदा को बुलाया है।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : अब मैंने बोलना शुरू ही कर दिया तो मैं ज्यादा नही बोल करके ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति** : नही-नही ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : ठीक है, आप कह रही है तो मैं बैठ जाती हूं। मैं दोबारा आपसे समय मांग लूंगी।

**उपसभापति** : नही, इसके बाद बोल दीजिएगा। मगर पहले ये बोल लें। उनका समय है। मैं बाद में आपको बुलवा लूंगी। ...(**व्यवधान**)... यह अन-शैडयूल्ड ट्रेन की चेन खींचेगे तो प्राब्लम होगी।

**श्रीमती सविता शारदा** (गुजरात) : उपसभापति महोदया, मंत्री महोदय ने 2004-2005 का जो लेखानुदान प्रस्तुत किया है उसके लिए मैं इनको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। मैडम, भारतीय रेल विश्व में सब से बड़ा साहस है। लगभग 62 हजार किलोमीटर की रेल लाइन और प्रतिदिन लगभग डेढ़ करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। कुछ विशेष क्षेत्रों में माननीय प्रधान मंत्री जी के गतिशील नेतृत्व में कई ऎसे कदम उठाए गए है, जिसके लिए वे प्रशंसा के पात्र है। विशेष रेल संरक्षण निधि, राष्ट्रीय रेल विकास योजना, रेल सुरक्षा पर टैक्नोलोजी मिशन की स्थापना का उद्देश्य अधिक से अधिक समृध्दि और वृध्दि की ओर अग्रसर करना है। उपसभापति महोदय, एनडीए सरकार से पहले जब भी रेल बजट आते थे, न जाने कितने लोगो के दिल की धड़कन बढ़ जाती थी, कितने किराये बढ़ेंगे और क्या होगा। गरीब यात्रियों के लिए तो तीर्थ यात्रा भी महंगी हो रही थी। अतः मैं रेल मंत्री जी को पुनः धन्यवाद देना चाहूंगी कि जब से प्रजालक्षी बजट बनने प्रारंभ हुए है तब से सब के मन को एक राहत सी मिली है। रेलवे ने कई लाइनों को बिछाने के लिए गेज़ कंवर्ज़न और विघुतीकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। लेकिन देश में जो आवश्यकता है उसे अगर देखें तो जितनी राशि आवंटित करनी चाहिए थी, उतनी नही की जा रही है। उपलब्ध राशि सिर्फ 10 परसेंट ही है । माल ढुलाई के लिए रेलवे सब से सलामत पर्यावरण की दृष्टि से उत्तम है और खर्च की दृष्टि से सब से कम कीमत पर माल वहन करने वाला सशक्त माध्यम है। माल वाहन में रेलवे का हिस्सा 60 प्रतिशत था, जो कि घट कर 40 प्रतिशत रह गया है। अगर इसको बढ़ाया जाए तो आय के स्रोत बढेगें और अधिक आधुनिकीकरण से अच्छी सेवाएं भी प्राप्त होंगी। गुड्ज ट्रेन की गति बढ़ाई जानी चाहिए ताकि रोड्वेज के मुकाबले सामान समय पर प्राप्त हो सके। आर्थिक विकास में रेल यातायात का एक प्रमुख साधन है। अधिक समृध्दि, व्यापार, उधोग, कृषि के साधनों को उसकी पैदावार की जगह पहुंचाने से बढ़ेंगे। उपसभापति महोदया, रेलवे सुरक्षा एक खास चिंता का विषय है। मंत्री जी ने इस बजट में रेल सुरक्षा के लिए 14 नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है और 1736 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर टक्कर निरोधी, उपकरण लगाने का प्रस्ताव है। और भी कई कदम उठाए है, यह अच्छी बात है। लेकिन यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा एक अहम मुद्दा है। रोज़ नई-नई परिस्थितियां सामने आ रही है।

अभी तो आरपीएफ को पूर्णरूपेण सशक्त किया गया है । तो मेरे विचार से इस प्रकार के एक्सीडेंट्स कम होने चाहिए । अभी – अभी मेरे सहयोगी मित्रों ने भी काफी इसके ऊपर चर्चा की है । मुझे खास तो वही महिलाओं के लिए भी कहना है । महिला होने के कारण जब हम लोकल ट्रेन्स में या अन्य ट्रेन्स में जाते है तो सर्वाधिक चिंता बहनों को इस बात की होती है कि क्या हम सही सलामत घर पहुंच पायेंगे या नही पहुंच पायेंगे । यह एक अहम मुद्दा रहेगा ।

महोदया, अब मैं सूरत शहर की थोडी सी बात यहां पर करना चाहती हूं , क्योंकि एक वर्ष के अंदर काफी मुद्दे हमारे सामने इकट्ठे हो जाते है । इसलिए कुछ मुद्दे मैं मंत्री जी के सामने रखना चाहती हूं । सूरत शहर में कई ट्रेन्ज़ है जो कि यॉर्ड में दस-दस घंटे खडी रहती है । अगर फ्रीक्वेंसी से उनको चलाया जाए तो लाखो लोग उससे काफी लाभान्वित होंगे । जैसे भरूच शटल ट्रेन दस घंटे यॉर्ड में खडी रहती है । अगर इसको चलाया जाए तो इसके अंतर्गत 12 इंडस्ट्रियल एरियाज़ जो है, जैसे कि अंकलेश्वर है, पानोली है, कोसंबा है, भरूच है, वापी है, तो मुझे लगता है कि इसमें आपको काफी इन्कम भी होगी और फ्रीक्वेंसी बढ़ने से लोग भी इससे लाभान्वित होंगे और मुझे लगता है कि वे आपको दुआएं भी देंगे । सूरत से मेहसाणा के लिए एक ट्रेन की सुविधा जरूर दी जानी चाहिए, क्योंकि मेहसाणा के काफी लोग सूरत में रहते है । उन लोगो को बहुत मुश्किल पड़ती है । इसलिए बार- बार वे यही कहते है कि मैडम, एक बार मंत्री जी से आप कहिए तो सही । गुजरात क्वीन छूटने के बाद 10 बजे के बाद अहमदाबाद के लिए कोई फास्ट ट्रेन नही है । मैडम, वहां हाईकोर्ट है और सभी सरकारी ऑफिसेस गांधी नगर में है तो उस से आने-जाने वाले लोगो को काफी मुश्किल होती है । अगर मंत्री जी इस तरफ ध्यान देंगे । तो लोगो को बहुत लाभ होगा । मैडम, सूरत शहर में लगभग 40 लाख लोग रहते है । अगर आजू-बाजू के जिलो को देखा जाए तो करीब करोड़-डेढ़ करोड़ लोग रहते है और सूरत में टिकिट रिजर्वेशन का एक ही केन्द्र है, तो उस का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए । मंत्री जी जैसा कि आप ने कहा है कि अब लोग अलग-अलग तरह से रिजर्वेशन करवा पाएंगे, तो मुझे लगता है कि अगर उस का विकेन्द्रीकरण कर दिया जाए तो बहुत सुविधाजनक होगा । अभी वहां मिडिल में अठवा गेट है । इस के अलावा हम ने वहां के रेलवे अधिकारियों को और जगह भी बतायी है कि आप यहां खोलें तो आसपास का जितना भी फैला हुआ एरिया है, वहां के लोगो के समय की बचत होगी और सुविधा भी मिलेगी । आप ने कम्प्यूटर द्वारा रिजर्वेशन की बात कही है, और दूसरे लोगो ने भी कही है, लेकिन सभी के पास कम्प्यूटर नही है । यह अच्छी बात है कि उस से भीड़ कम होगी । अगर हम मोबाइल से करेंगे तो भीड़ कम होगी, लेकिन यह सुविधा दूसरे लोगो को भी मिलनी चाहिए ।

[**उपसभाध्यक्ष** (**डा**0**ए**0**के**0 **पटेल पीठासीन हुए**]

महोदय, उधना स्टेशन के बारे में मैं काफी दिनों से कह रही हूं । अगर उस स्टेशन को हम

अच्छा बनाएंगे और उस का इस्तेमाल करेंगे तो मुझे लगता है कि आप की इनकम में लाखों रूपयों की वृध्दि होगी क्योंकि सूरत से लेकर वापी तक और सूरत से अहमदाबाद तक काफी लोग है जो डेली अप-डाउन करते है । वहां अगर पास-होल्डर्स के लिए लोकल ट्रेंस की तरह दो-तीन ट्रेन चला दी जाएं तो आने-जाने वाले लोगों को बडी सुविधा होगी । अभी वहां पास – होल्डर्स का दूसरे लोगों से झगड़ा होता रहता है । इसलिए मुझे लगता है कि अगर वापी से लेकर बड़ौदा तक आप इन पास-होल्डर्स के लिए अलग ट्रेन चलाएंगे तो उन को काफी सुविधा होगी । इस के अलावा वहां कीम स्टेशन ऎसा है जिस के प्लेटफार्म काफी छोटे है जिस से कि वहां ट्रेन भी पूरी नही आती । इस बारे में भी मैने आप को कहा है । साथ ही साथ वहां ब्रिज नही हैं जिसके कारण ट्रैफिक घंटो-घंटो रूका रहता है । उस के लिए भी आप को एक मेमोरेंडम दिया गया है। दूसरे, अगर एक स्टेशन पर एक ए0टी0एम0 की सुविधा हो जाए तो उस से भी लोगो को काफी सुविधा होगी । महोदय, डिंडोली और लिंबायत की तरफ पॉपूलेशन काफी बढ़ रही है, लेकिन वहां एक ही आने-जाने का रास्ता है । बरसात के दिनों में वहां आने-जाने में बहुत मुश्किल आती है । इसलिए मुझे लगता है कि अगर आप वहां एक सब-वे बनाने का प्रबंध करेंगे तो काफी सुविधा रहेगी ।

महोदय, सूरत में बिहार के लगभग 4 लाख लोग रहते है और उन का बिहार में भी काफी आना-जाना होता है । चुंकि यह इंडस्ट्रियल एरिया है, वहां पर एक तो फैब्रिक का काम होता है, डायमंड का काम होता है जिस में वहां बिहार के लाखों लोग काम कर रहे है । इसलिए उन की डिमांड के अनुसार उन के लिए कुछ ट्रेन्स की सुविधा दी जाए तो उन का आना-जाना सरल हो सकेगा । महोदय, मैं एक और बात बताना चाहूंगी कि आप ने अहमदाबाद और मुंबई से थर्ड लाइन की बात कही थी जो कि अभी तक पूरी नही हुई है । अगर उस को जल्द – से – जल्द पूरा कराएं जो बहुत अच्छा रहेगा और इस से काफी लोगो को आराम रहेगा । फिर भरूच और शटल की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाए तो उससे भी लोगो को काफी सुविधा रहेगी । इसके अलावा अहमदाबाद , बोटाद की नैरो-गेज को ब्रॉड-गेज में परिवर्तित किया जाए । वहां कलोरा पोर्ट का काम शुरू होने वाला है और निरमा, सोडा एश और केडालिग वगैरह कंपनियां भी उसी साइड में है । आप धंधुका वगैरह को भी देखें तो मुझे लगता है कि वहां अगर रेलवे लाइन का काम अच्छी तरह हो जाए तो बहुत सुविधा मिलेगी ।

अंत में मंत्री जी आप को सभी ने धन्यवाद कहा है । आप ने इतनी सम्पर्क एक्सप्रेस चलायी है आप सभी सुख-सुविधाओं का ध्यान रख रहे है । इस के अलावा सूरत को आप ने एक ट्रेन सूरत-बांद्रा दी है । मैं चाहूंगी कि उस में अभी जो 11 डिब्बे है, उसे बढ़ाकर 18 कर दिया जाए तो काफी सुविधा रहेगी । महोदय, इस प्रकार हम देखें तो पिछले सालों के मुकाबले काम तो काफी हुआ है, अब कुछ लोग तो कहते रहते है, फिर विरोधी पक्ष वालों का काम ही कहते रहना है । लेकिन मंत्री जी मैं आप को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगी कि सिर्फ अपने एरिया में ही नही

बल्कि पूरे देश का ध्यान रखकर सभी लोगों के लिए संपर्क एक्सप्रेस और नई-नई दूसरी परियोजनाएं आप की परियोजनाएं आ रही है, इसके लिए मैं आप को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी को यह रेलवे बजट पेश करने के लिए धन्यवाद देती हूं और इनका स्वागत करती हूं। स्वागत के साथ-साथ मैं थोडी हल्की-फुल्की शिकायत भी कर रही हूं कि जहां आपने 18 नई रेलगाडियां चलाने की घोषणा की है और दिन-प्रतिदिन बहुत सी सुविधाएं देने के बारे में भी कटिबध्द है, लेकिन मंत्री महोदय,मैंने इससे पहले कई बार आपसे आग्रह भी किया और आज पुनः फिर आग्रह कर रही हूं कि चार वर्ष के दौरान बराबर मेरे द्वारा आपसे आग्रह करने के बावजूद भी 150 वर्ष पुरानी रेल लाइनों को बदलने में आप कंजूसी कर रहे है, उसके बारे में तत्परता नही बरत रहे है। छोटी रेल लाइनों को बडी रेल लाइनों में बदलने के लिए आपने कई बार हमें आश्वासन भी दिया और यह भी कह डाला कि काम चालू हो रहा है, लेकिन चालू काम की धीमी गति को देखते हुए हमें सब्र नही हो रहा कि हमारा पीरिएड रहते यह काम पूरा हो पाएगा या नही ?

महोदय, रेलवे मंत्री ने रेलवे टिकट ई-मेल और मोबाइल से रिजर्वेशन की जो घोषणा की है, इसका मेरे से पूर्व कई सांसदो ने खुलासा किया है, मेरा भी इसमें एक छोटा सा आग्रह है कि जो गरीब आदमी है, जो पांच-दस या बीस-पचीस रुपए जेब में लेकर चलता है उसके घर में तो मोबाइल और टेलीफोन की कोई व्यवस्था ही नही है और फिर टेलीफोन की व्यवस्था तो इतनी बिगडी हुई है कि स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय में या बुकिंग कार्यालय में अगर संडे के दिन या सैटरडे के दिन या उसके अलावा कभी टेलीफोन करते है तो तीन-तीन घंटे तक कोई मिलता ही नही और उसके बाद उसके पास वहां जाकर टिकट लेने का साधन नही होता तो उसको उस ट्रेन मिस करनी पड़ती है।

**उपसभाध्यक्ष (डा0ए0के0 पटेल)** : आपका समय दो मिनट का ही था।

**श्रीमती जमना देवी बारूपाल** : सर, मैं ज्यादा नही बोलती हूं। मैं आग्रह करूंगी कि ऐसी व्यवस्थाओं को ही सुचारू ढ़ंग से रखा जाए। आपने पिछले साल बीस हजार लोगो को नौकरी देने की घोषणा की थी और उसके बाद हम आंख उठाकर देखते है, नजर फहराकर देखते हैं तो पाते है कि शेडयुल्ड कास्ट और शेडयूल्ड ट्राइब के लोगो को आपने नियुक्त नही किया है, उनका बैकलोग नही भरा है। आप ऐसे लोगो को उनकी बेरोजगारी से मुक्ति दिलाकर उनको नौकरी दिलाएं।

महोदय, इसके बाद महिलाओ की सुरक्षा की बात हम करते है। मेरे से पूर्व सांसदो ने बहुत अच्छी तरह से विस्तारपूर्वक आपको इसके लिए सुझाव दिए, एक छोटा सा सुझाव मेरा आपसे यह

है कि महिलाओ के कंपार्टमेंट में पुलिस के साथ-साथ टेलीफोन की सुविधा का होना बहुत जरूरी है ।

महोदय, जहां तक गंदगी का सवाल है, जब हम बीकानेर से सराय-रोहिल्ला सुबह-सुबह सात बजे आते है तो उस वक्त बड़ा सुहावना मौसम होता है, लेकिन पांच मिनट तक अगर कोई टैक्सी या टेम्पो वाला हमें नही मिलता है तो वहां खड़े रहना मुश्किल हो जाता है, दुर्गंध के कारण चक्कर आने लग जाता है, जबकि यह रेलवे स्टेशन दिल्ली रेलवे का एक बहुत बड़ा भाग है । इस तरफ भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है । इसके अलावा जब हम वहां ज्यादा देर खड़े रहते है तो टैक्सी वाले और टेम्पो वाले मनमाना इतना किराया मांगते है कि किसी आदमी के पास उनकी मांग पूरा करने की गुंजाइश ही नही होती और जब पुलिस को शिकायत करते है तो पुलिस वाले इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देते है और कहते है कि उधर जाइए, उधर जाइए तो इस ओर भी थोड़ा सा आप ध्यान देंगे, ऐसी हम आशा करते है । वैसे रेल मंत्री जी, आपकी सूझ और बूझ की मैं हमेशा ही तारीफ करती रहती हूं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का जो मौका दिया, उसके लिए आपका और पूरे सदन का मैं हृदय से धन्यवाद करती हूं । धन्यवाद ।

SHRI DRUPAD BORGOHAIN (Assam): Sir, this is an Interim Budget for Railways and is presented just before the ensuing elections. So, it has got certain proposals in that context. The best proposal is the introduction of 18 superfast trains.These 18 superfast trains will connect the State capitals with the natioal capital. This is good. But all other proposals, which are given in the Interim Budget, are as usual in nature.

Sir, the Railway Minister has shown some concern for the safety and security of the passengers. For this purpose, the strengthening of the Railway Protection Force (RPF) is being considered. This Railway Protection Force is highly essential for protecting the passengers and their properties. Earlier the passenger protection was being done by the GRR Now-a-days, thefts and other barbaric activities are going on inside the trains and on the platforms. Earlier also such things were happening. Our Minister has given some serious thought to this. So far so good. It is right. Everybody knows that now-a-days it is hazardous to travel in Railways and that thefts and other inhuman, barbaric and uncivilised crimes are taking place inside the trains. There are instances of mob-attack on certain passengers as well as some parties also. Such types of attacks have been witnessed at different places in India in recent

months. The attack on innocent North-East passengers in several trains at Jamalpur, Barsoi and Katihar in November is one such act of violence. Thefts are occurring in different compartments of a running trains. So, the deployment of the Railway Protection Force for the security of the passengers is welcome. But I would like to caution the Minister that if there is no proper code of conduct for the RPF, perhaps, the goodwill of the Minister may not succeed because we have seen that sometimes the Railway Protection Force or other forces are themselves doing mischief. This should be taken note of.

Sir, there are some lacunae in the Railway Recruitment Policy and because of these lacunae in the Railway Recruitment Policy we have seen some unwarranted events happening, particularly, in November when some rioting took place in Assam and Bihar. So, this Railway Recruitment Policy must be reviewed. This is an outdated Recruitment Policy. It does not suit to the present time because unemployment is rampant all over India, in all the States. Therefore, "C" and "D" category services in the Railways should be reserved for the respective States. This is my humble request to the Railway Minister.

Secondly, Sir, I have got a letter from Mr. Vipan Nanda, General Manager of North Frontier Railway. It is shown in this letter that the percentage of youths from the North-Eastern States appointed in the North Frontier Railway is 41.5. It shows that the appointment of local youths, particularly, from North-Eastern States, in the North Frontier Railway is less than 50 per cent. So, this Recruitment Policy should be reviewed because people in different States want some reservation for them in their respective States. When people want such type of reservation, if the Minister repeatedly says that it cannot be done, then certain difficulties are likely to arise and some rioting would also take place. I would like to request the hon. Minister to consider this matter very seriously.

Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to bring to the notice of the hon. Minister certain problems being faced by the people in Assam and in the North-East. There is a railway line on the Northern bank of the Brahmaputra, from Rangia to Murkongchelek.This railway line should be converted into broad-gauge line; otherwise, the Bogibil bridge would become useless because after Dibrugarh on the Southern part of the Brahmaputra, there is a broad-gauge railway line. Therefore, this railway line should be converted into a broad-gauge line.

The Railway Minister has made promises, but no steps have been taken to fulfil those promises.

Secondly, there are certain other railway lines which need to be converted into broad-gauge lines. These are my suggestions. Sir, budget is a budget, whether it is an Interim Budget or something else. This Interim Budget (Railways) is for wooing the people in the ensuing elections. The hon. Railway Minister should be bold enough to take steps for development. The development work which is being done is not enough. With these words, I conclude. Thank you.

**श्री शंकर राय चौधरी** (पश्चिमी बंगाल) **:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, रेलवे बजट पर रेलवे मंत्री जी ने जो भाषण दिया था, उसे मैंने पढ़ा है । यह मानना पड़ेगा कि हमारा जो रेलवे का सिस्टम है, वह ठीक-ठाक चल रहा है । उन्होंने कुछ मैज़र्स लिए है, उनमें से कुछ पूरे हुए है और कुछ पूरे होने वाले है । हम यह उम्मीद रखते है कि वे पूरे हो जाएंगे । मुझे मंत्री जी से कुछ जानकारी लेनी है । सबसे पहले उनकी स्पीच में पेज 3 पर नेशनल रेल विकास योजना के बारे में लिखा है कि "Projects under the initiative include strengthening of the 'Golden Quadrilateral', rail connectivity to ports and construction of four mega bridges."

यह अच्छी बात है, हम चाहते है कि यह सब हो जाए । मेरा सवाल यह है कि हाल ही में चीन के साथ हमारा समझौता हुआ है और नाथूला का रास्ता खुल गया है । चीन के साथ हमारी बातचीत चल रही है । इसलिए नाथूला के जरिए जब हमारी कमर्शियल ऐक्टिविटीज़ बढ़ेगी तो नाथूला का रुट बहुत अहमियत रखेगा । सारा एशिया घूमकर साऊथ-ईस्ट चाईना जाने के बजाय मेरे ख्याल से यह ज्यादा सुविधाजनक होगा कि कोलकाता पोर्ट से सामान उतारकर सीधा नॉर्थ ले जाकर,नाथूला पार करके हम चीन पहुंचे । इसलिए कोलकाता पोर्ट की अहमियत बहुत बढ़ जाएगी ।

इसी के तहत मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह जो नेशनल रेल विकास योजना है, इसकी डिटेल्स के बारे में हमें पता नही है लेकिन माननीय मंत्री जी, यह जो नया डेवलपमेंट हुआ है, नाथूला खुला है, चीन जाने के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है । जो हमारा सागरमाला प्रोजेक्ट है और हमारे सागरमाला प्रोजैक्ट के साथ जो रेलवे सिस्टम है, उसकी तरफ आप जरा ध्यान कीजिए क्योंकि कोलकाता पोर्ट की एक खासियत है कि कोलकाता पोर्ट में dredging करनी पड़ती है क्योंकि जहाज वहां तक आ नही सकते है । कोलकाता पोर्ट, हुगली के साथ-साथ दक्षिण तक फैल रहा है और जिस हद तक फैला है जैसे गंगासागर, कुलबी, वहां रेलवे लाइनें नही है । वहां हल्दिया से और रेलवे लाइनें लाने की जरूरत है । इसलिए मैं चाहूंगा कि कोलकाता पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए इस फाईव ईयर प्लान में या अगले प्लान में आपकी रेल विकास योजना में कोई प्रबंध रहे लेकिन

4.00 RM

सागरमाला के साथ-साथ यह डेवलपमेंट करना पड़ेगा। दूसरा जो इन्होंने प्रोजेक्ट बताया है – जम्मू – उधमपुर लाइन प्रोजेक्ट – यह 25 मार्च को खुलने वाला है और पूरा विश्वास है कि यह खुलेगा। लेकिन इसके साथ-साथ मैं एक इत्तिला देना चाहता हूं कि पठानकोट और जम्मू के बीच में जो कनेक्टिविटी है सड़क के जरिए हो या रेल के जरिए हो, वह बोर्डर के बिल्कुल साथ-साथ चलता है। अभी तो खैर हमारे जो पड़ौसी है उनके साथ हमारा रिश्ता अच्छा होने चला है। हम उम्मीद रखते है कि वह रिश्ता अच्छा होगा लेकिन फिर भी हमें होशियार होना चाहिए। यह लांग टर्म प्रोजेक्ट है। पठानकोट और ऊधमपुर – जम्मू के बीच में एक दूसरी रेलवे लाईन बनाने की परियोजना के बारे में सोचे। जो कि धार-ऊधमपुर रोड बनी हुई है जो बोर्डर से थोड़ा दूर है उस एलाइंमेंट में कुछ बनाने के बारे में आपको सोचना पड़ेगा भविष्य के लिए। तीसरा है, जो आपने बोला है कि रिमोट एरिया सम्पर्क एरिया, उसके तहत आपने बताया है कि रेलवे के पास 230 प्रोजेक्ट है – नई रेलवे लाईन, गेज कंवर्जन, डबलिंग, इलेक्ट्रिफिकेशन। मैं सिर्फ यहां आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि बहुत सारी न्यू लाईन बनाई है। जिसका ब्यौरा आपने दे रखा है। लेकिन यह जरूर आपके ध्यान में होगा कि हमारे मुल्क का तकरीबन 20 परसेंट-वन फिफथ एरिया है जहां रेल लाईन तकरीबन है ही नही और मैं जिक्र कर रहा हूं उत्तर-पूर्व का नौर्थ-ईस्ट। अभी जो आनरेबिल मेम्बर ने मुरकम सलेक्ट लाइन के बारे में बताया था उसका डिटेल दे रखा है, उसका आप कर रहे है। लेकिन साथ-साथ मैं चाहता हूं कि जहां हम लोग इतनी मेहनत और इतने परिश्रम के साथ जम्मू – कश्मीर को जोड़ रहे है, अभी आपको मेरे ख्याल से रेलवे मिनिस्ट्री को, सरकार को ध्यान देना पड़ेगा कि उत्तर – पूर्व को उसी तरह से जोड़ा जाए। मैं जिक्र कर रहा हूं अरूणाचल प्रदेश का जहां मुरकम सलेक्ट लाइन के बाद आपको शायद फैलना पड़ेगा। त्रिपुरा में अभी तक कोई कनेक्शन नही है, अगरतला तक आपको लाइन देनी पड़ेगी और सबसे बड़ा जो आपने दे रखा है जिरेबाम-इम्फाल लाइन वह बहुत अच्छा है। उम्मीद रखते है कि वह बन जाएगी। उससे भी दक्षिण आपको फैलना पड़ेगा मिजोरम में, स्टेट केपिटल पर कम से कम नौर्थ-ईस्ट के अंदर लांग टर्म योजना करके। इस पर आपको ध्यान देना पड़ेगा। यह रातों-रात तो हो नही सकता लेकिन इस पर ध्यान देकर सोच विचार कर शुरू करें। आखिर में एक सवाल है, कल ही चर्चा हो रही थी नौकरियों अन-एम्प्लोयमेंट के बारे में। यह बताया गया तथा मंत्री जी ने ब्यौरा दिया दिया था कि जो प्राइवेटाइजेशन हो रहा है उससे कई किस्म की नौकरियां मिल रही है सर्विस इण्डस्ट्रीज में। तो मैं मंत्री जी से यह जानने का आग्रह करूंगा कि रेलवे में जो थोड़ा बहुत प्राइवेटाइजेशन हो रहा है जैसे कैटरिंग में तथा दूसरे, तीसरे जगह में, तो इन परियोजनाओं में आपके ख्याल से या आपके पास कोई आंकड़े होंगे कि कितने एम्प्लोयमेंट का प्रोविजन हुआ है क्योंकि एम्प्लोयमेंट वाकई में एक अहम मुद्दा है। कल दो दिन से हमने इसकी आलोचना की है। रेलवे के अंदर अभी जो यह प्राइवेटाइजेशन की कोशिश हो रही है – केटरिंग में या दूसरी, तीसरी सर्विसेज में, तो उसमें कितना

एम्प्लोयमेंट जेनरेट हुआ है ? यहीं मेरे पास दो-चार सवाल थे । अगर मंत्री जी इनके बारे में बताएं तो बडी मेहरबानी होगी । थैंक्यू ।

**श्री जयन्ती लाल बरोट** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज ...(**व्यवधान**)...

شری خان غفران زاہدی: اپ سبھا ادھیکش مہودے، شری بال کوی بیراگی جی نہیں ہیں- ہماری پارٹی کا وقت ہے اس لئے میں بولنا چاہتا ہوں- مجھے بولنے کی اجازت دے دی جائے-

† **श्री खान गुफरान जाहिदी** (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री बालकवि बैरागी जी नही है । हमारी पार्टी का समय है इसलिए मैं बोलना चाहता हूं । मुझे बोलने की इजाजत दे दी जाये ।

**उपसभाध्यक्ष (डा0ए0के0 पटेल)** : अभी जयन्ती लाल बरोट ने बोलना शुरू किया है इसलिए आप रूकिये ।

**श्री जयन्ती लाल बरोट** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज सन 2004-05 का इंटरिम रेल बजट लेकर मंत्री जी आये है । इस बजट के लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद दे रहा हूं । विश्व की सभी संस्थाओं में रेल सबसे बडी संस्था है और इस रेल की संस्था से पूरे देश की गरीब प्रजा की सेवा होती है और देश की एकता और अखंडता बनी रहती है । इस बजट में मंत्री जी ने जिस प्रकार से गरीब और पिछड़े वर्ग की सेवा की है, उसको देखकर मैं उनको धन्यवाद दे रहा हूं । मैंने देखा है कि उनकी अगुवाई में रेल की पटरियों का नवीनीकरण हो रहा है, नयी टेक्नीक का सुरक्षा के लिए इंतजाम हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही साथ मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं कि राजधानी में हवाई जहाज की यात्रा की तरह सुविधाएं मुहैया करायी जायें। राजधानी की यात्रा सभी को किफायत भाव से मिले । अगर ऎसा किया जायेगा तो ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें सफर कर सकेंगे । अगर गाडी तीस मिनट से ज्यादा लेट होगी तो एस एम एस से इसकी जानकारी देंगे, यह सुविधा रेलवे द्वारा अच्छी दी गई है । बुकिंग की होम डिलीवरी की व्यवस्था करने के लिए भी मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं । साथ-साथ रेलवे ने संपर्क क्रांति के नाम से 18 गाडियां चलाने का जो प्रावधान किया है, उसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं ।

मुझे मंत्री जी से एक बात की विनती करनी है कि राजधानी अहमदाबाद से दिल्ली हफ्ते में तीन दिन चलती है । माननीय मंत्री जी ने अहमदाबाद में डिकलेयर किया था कि हम इसको रोजाना चलाने के लिए प्रावधान करेंगे । इस बजट में उसके लिए प्रावधान किया होता तो अच्छा होता । ऎसा नही हुआ है इसके लिए मैं उनसे विनती करता हूं कि इसको हर रोज चलवाने के लिए प्रावधान करवायें । इसके साथ-साथ गुजरात से, अहमदाबाद से चली हुई गाडी आगे खडी रहती है, एक

†Transliteration of Urdu Speech.

मेहसाना रेलवे स्टेशन ऐसा है जहां से 6 सांसद बैठते है और 6 सांसदों को अहमदाबाद जाकर फिर वापस मेहसाना लौटना पड़ता है। अगर राजधानी को मेहसाना स्टोपेज दिया जाये तो मैं मंत्री जी का आभारी रहूंगा।

जब गेज परिवर्तन हो रहा था तो उस समय जो पुरानी गाडियां चलती थी, वे पुरानी गाडियां बंद नही होंगी, ऐसा उस दिन भी मंत्रालय ने आश्वासन दिया था, माननीय वचानी जी ने भी अपनी लास्ट स्पीच में यह बात रखी थी तो उस दिन भी मंत्री जी ने कहा था कि बात सही है जो पुरानी गाडियां थी, उनको हम फिर से चालू करेंगे , लेकिन वे आज तक चालू नही हुई है। वे तीन गाडियां थी, उनमें एक अरावली एक्सप्रेस थी, उसमें सभी स्लीपर कोचेज, जनरल कोचेज होते थे और उसका गरीब और आम जनता उपयोग करती थी। उसके अहमदाबाद से दिल्ली आने के 20 स्टोपेज थे । उसे हर स्टेशन पर ज्यादा से ज्यादा ट्रेफिक भी मिलता था लेकिन वह गाडी बंद की गई है। एक थ्री अप एंड फोर डाउन दिल्ली एक्सप्रेस चलती थी, वह शाम को अहमदाबाद से चलती थी और दूसरे दिन यहां पर पहुंचती थी, वह गाडी भी बंद कर दी गई है। उसको भी बीच में स्टोपेज मिलते थे ,वे सब स्टोपेज बंद हो गये है। मैं माननीय मंत्री जी से विनती करता हूं कि जो पुरानी गाडियां थी, उनकी सहूलियत खींच ली गयी है। करीब 20 स्टोपेज ऐसे है जिन से यात्रियों को दिल्ली आना होता है तो उन्हें बैठने के लिए बड़े स्टेशन पर जाना होता है। वह 20 स्टोपेज वाली गाडी फिर से शुरू की जानी चाहिए। उन गाडियों को चलाने के लिए मंत्री जी कोई व्यवस्था करें इसकी मैं विनती करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. अलका क्षत्रिय** (गुजरात) **:** मंत्री जी ने बोला था कि उनको इस साल शुरू करेंगे, लेकिन वह नही हो सका है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): You will be getting your chance.

**श्री जयन्ती लाल बरोट** : बाद में अपनी बडी लाइन पर तो गाडियां चलती है लेकिन जो साइडलाइन होती है जैसे तारंगा – महसाना है, पाटन – महसाना – अहमदाबाद है, अहमदाबाद, कडी, बैचाई, पाटन है, ये साइडलाइन की गाडियां नियमित नही चलती है। लेट आने से वहां ट्रैफिक कम मिलता है और गाडियां बंद हो जाती है। गाडियों को बंद करने का जो प्रावधान कमर्शियल बेस पर हो रहा है, वह न करें। रेल सुविधा पिछड़े एरिया के लोगो को मिलती है इसलिए वह गाडियां चालू रखे क्योंकि वह गाडी अगर नियमित रूप से चले और स्पीड से चले तो उसमें हमें ट्रेफिक मिलता रहता है। पाटन से अहमदाबाद अगर बाय रोड जाया जाए तो दो घंटे लगते है। लेकिन अगर गाडी से जाया जाए तो चार, साढ़े चार घंटे लगते है। इस प्रकार कौन पैसेंजर ऐसा होगा जो साढ़े चार घंटे इस गाडी में

बैठकर जाएगा ? इसलिए अगर स्पीड को बढ़ाया जाए तो ये गाडियां भी अच्छी तरह चल सकती है । इसलिए वे गाडियां जो अभी बंद की गयी है, उनको चालू करना चाहिए । मुझे खेद है कि मैं भी कभी-कभी गाडी से सफर करता हूं । मैंने एमपी के नाते एक बुकिंग करवाई थी, वर्धा से अहमदाबाद । मैं, मेरे स्पाउस और एक कम्पैनियन को जाना था किन्तु मेरे अकेले का टिकट कन्फर्म हुआ और मेरे स्पाउस और कम्पैनियन का नाम वेटिंग में रहा । इसके अलावा मुझे भी जहां सीट मिली, जैसे ही डिब्बे में ऍंट्री होती है , वहां छः नम्बर का अपर बर्थ मुझे अलॉट हुआ । मैंने कहा कि जब एमपी को भी अपर बर्थ ऍंट्री गेट पर मिलता है तो बाकी का क्या हाल होगा ? लेकिन अधिकरियों ने एमपी होने के नाते न कोई वीआईपी ट्रीटमेंट दिया, न कोई जगह दी और मुझे छः नम्बर की अपर बर्थ ऍंट्री पर दे दी । मेरी फैमिली को मुझे बाय रोड वर्धा से अहमदाबाद लाना पड़ा । इस तरह से जब कोई एमपी बुकिंग कराता है, उसके ऊपर भी अधिकारी ध्यान नही देते है । इसलिए मेरा अनुरोध है कि कृपया अधिकारी वीआईपी बुकिंग पर ध्यान दें और ठीक जगह पर, लोअर बर्थ में उनको स्थान मिले, इस प्रकार की सूचना उनको देनी चाहिए । कहीं गाडी में हम जाते हैं तो उसमें जो बेड शीट दी जाती है, वह बिना धुली गंदी ले आते है । एक दिन कच्छ एक्सप्रेस में मैं आ रहा था, उसमें मैंने चार बेडशीट्स चेंज की, सबकी सब गंदी थी और सबमें बू आ रही थी । मैंने इस संबंध में कम्पलेंट भी लिखी । जब पांचवी बेडशीट लायी गयी तो वह भी फटी हुई थी । वह कहने लगा, सॉरी सर ! किन्तु मैंने कहा कि अब तो मुझे कम्पलेंट करनी पड़ेगी और मैंने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज की । इस प्रकार से बेडशीट्स ठीक से धुली हुई हो और अच्छी सेवायें पेसेंजर्स को मिले, उसके लिए भी मैं आपसे विनती करता हूं । एक दिल्ली – अहमदाबाद मेल है, वह सुबह पांच बजे आकर दिल्ली खडी रहती है और रात को 11 बजे दिल्ली से अहमदाबाद के लिए चलती है । 18 घंटे वह ट्रेन दिल्ली स्टेशन पर खडी रहती है । अगर उसको ऐक्सटेंड करके हरिद्वार तक लाया जाए तो वह हरिद्वार जाकर वापिस आ सकती है और पूरा टाइम ऐडजस्ट हो सकता है । वह गाडी लम्बी नही की गयी है, वह विनती भी हमने मंत्री जी को की है । मंत्री जी इस बात को स्वीकार करें और यह ट्रेन जो 18 घंटे यहां पडी रहती है, उसको आगे हरिद्वार तक ले जाएं तो हरिद्वार तक यात्रा के लिए सबको सुविधा होगी । इसके अतिरिक्त पेंट्री कार के बारे में कहना चाहता हूं । जैसे गाडियों में तत्काल बुकिंग का प्रावधान किया गया है, उसी प्रकार गाडियों में पेंट्री कार होनी चाहिए क्योंकि सभी गाडियों में पेंट्री कार नही होती है और रास्ते में नाश्ते के लिए दिक्कत होती है । अगर संभव हो तो गाडियों में पेंट्री कार का इंतजाम करना चाहिए । इसके अतिरिक्त द्वारका या सोमनाथ से हरिद्वार डायरेक्ट गाडी हो तो यात्रा धाम से यात्रा धाम की ग़ाडी लगे । विरमगाम से महसाना की जो रेलवे लाइन लगाने का काम है लेकिन बहुत दिनों से वह शुरू नही हुआ है ।

**(उपसभापति महोदया पीठासीन हुई)**

वह कब शुरू होगा, उसे कोई बताने वाला नही है। मैं विनती करूंगा कि विरमगाम से महसाना अगर रेल लाइन बन जाए तो सौराष्ट्र के पैसेंजर्स को दिल्ली आने के लिए कम से कम तीन घंटे और एक सौ किलोमीटर की जर्नी बच जाती है। उसी तरह श्यामखियाली से पालनपुर का भी रेलवे ट्रैक का काम जो शुरू हुआ है, वह तुरंत जल्दी से जल्दी खत्म हो जाए, ऐसी मैं उनसे विनती करता हूं। महोदया, मैंने विनती की थी कि गुजरात एक बड़ा स्टेट है। गुजरात में बलसार से शुरू करके अप टू पालनपुर-क्योंकि बीच में सूरत, बड़ोदा बड़े-बड़े शहर है, उधोग वाले शहर है और मजदूरी करने वाले लोग पालनपुर, शिवपुर, ओझा, महसाना से वहां जाते है, उनके लिए एक ट्रेन पालनपुर से बलसार के बीच दौड़ायी जाए या मुम्बई से अहमदाबाद आने वाली ट्रेन को लम्बा कर पालनपुर तक किया जाए तो सबको सहुलियत होगी। इसके अलावा मुम्बई के लिए महसाना से कोई डायरेक्ट ट्रेन नही है। महसाना और बनासकांठा,उत्तर गुजरात जो है, महसाना से डायरेक्ट ट्रेन में पैंसेंजर्स भी मिलेंगे। जो अहमदाबाद के ट्रैफिक की प्रॉब्लम है, वह भी सॉल्व हो जाएगी। मेहसाना से मुम्बई के लिए डायरेक्ट ट्रेन चालू की जाए, ऐसी मेरी मांग है। इसके साथ मैं माननीय मंत्री जी के बजट का समर्थन भी करता हूं और धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यह बजट पूरे देशों के गरीब लोगो को सामने रखकर बनाया है लेकिन उसमें जो कुछ त्रुटियां थी, वे हमने दिखाई है। वे त्रुटियां दूर करने के लिए वे हमारा समर्थन करेंगे, इस बात के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

**उपसभापति** : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : मैडम, मैं इसमें थोड़ा ऐड करूंगी। मुझे बोलना नही है इस पर।

**उपसभापति** : इसके बाद बोलिएगा।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : इन्होंने जो बोला है, उसी में ऐडीशन करना है। नार्थ गुजरात की जो बात इन्होंने कही है, उसी में मुझे थोड़ा ऐड करना है।

**उपसभापति** : आप थोडी देर के बाद कर दीजिएगा।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : मैडम, आपसे पहले जो उपसभाध्यक्ष यहां बैठे थे, उन्होंने कहा था कि बाद में कर लेना। उस समय कहा था।

**उपसभापति** : मैं भी यही कह रही हूं कि बाद में कर लेना।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : फिर वह कंटीन्युएशन नही रहेगा ना। माननीय सांसद ने जो कहा है, उसी में ऐडीशन करना है। सिर्फ एक मिनट ही बोलूंगी।

**उपसभपति** : अच्छा, एक मिनट बोल लीजिए ।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : मैडम, अभी माननीय सांसद ने जो बात कही है, उसी के संदर्भ में मैं यह कहना चाहूंगी कि अहमदाबाद के लिए राजधानी एक्सप्रेस जो चलती है दिल्ली से, वह पांच साल से टेम्पोरेरी बेसिस पर चल रही है । इसकी जो स्पीड है, उस स्पीड पर वह ट्रेन नही चलाई जाती है, ऐसी कई लोगो का कहना है । कभी भी ऐक्सीडेंट हो सकता है । उसका गेज परिवर्तन या जो भी कुछ करना है, वह आप जल्दी करा दीजिए और इसको कायमी भी कर दीजिए, नही तो कभी भी ऐक्सीडेंट हो सकता है । लोगो के जानमाल से खिलवाड़ मत कीजिए । पांच साल से यह टेम्पोरेरी बेसिस पर चल रही है । यह बहुत दुखद बात है कि पांच साल में भी आप उसको कायमी नही कर पाए । नई ट्रेन चलाने की बात करते है लेकिन जो पुरानी ट्रेन है, उसको भी आप कायमी नही कर सकते?

दूसरी बात यह है कि आश्रम एक्सप्रेस की अभी बात हुई । आश्रम एक्सप्रेस में पैंट्री कार नही है । वह अहमदाबाद से शाम पौने छः बजे चलती है और सुबह साढ़े दस बजे दिल्ली आती है, इसलिए उसमें पैंट्री कार होनी चाहिए । नॉर्थ गुजरात से सात सांसद है और आश्रम एक्सप्रेस में एम.पीज़ के लिए सिर्फ दो ही सीटें है । मेहसाना डिस्ट्रिक्त से ही चार सांसद है और बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट, पाठन डिस्ट्रिक्ट और साबरकांठा डिस्ट्रिक्ट से भी सांसद है । वहां राजधानी एक्सप्रेस का स्टॉपेज भी नही है और अगर वे जाएंगे तो आश्रम एक्सप्रेस से ही जाएंगे और उसमें भी उनको जगह नही मिलती है । दूसरी बात यह थी कि .....

**उपसभापति** : अब एक मिनट हो गया आपका ।

**प्रो. अलका क्षत्रिय** : मैडम, एक मिनट और । सुरेन्द्रनगर और दौसा से जो ट्रेन चलती थी, वह ट्रेन उन्होंने बंद करवाई है । सेफ्टी रिकॉर्ड भी इनके पास पहुंच चुका है और इसके बावजूद क्यों वह ट्रेन चालू नही हो सकी है ? यह भी सोचने वाली बात है । सौराष्ट्र का सारा ट्रैफिक वाया महसाना होकर जाता है इसलिए मेहसाना की इंपॉर्टस जो आप लोगो ने खत्म की है – इतना बड़ा प्लेटफार्म वहां पर है कि एक साथ वहां दो ट्रेनें खडी हो सकती है – यह बातें ध्यान में रखकर आपने जो ट्रेन बंद की है, उनको चालू कीजिए । पाटन वाली ट्रेन में तो आपको पूरा ट्रैफिक मिलता था, फिर भी आपने वह बंद क्यों की ? मैडम, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): Thank you, Madam, for giving me a chance to take part in the discussion on the Railway Budget, which is presented by the hon. Railway Minister. The first point which I would like to cite is regarding to Budget exercise itself.

Madam, it is said that it is the Railway Budget for the entire financial year, and that the hon. Minister is only seeking Vote-on-Account for the first four months of the year. So, my first question is, what is the significance of the Budget, the anticipated estimates of receipts and expenditure for the whole financial year? Yesterday, the hon. Finance Minister has presented the General Budget. It is being described as an Interim Budget. But, here, I feel, it is a full-fledged Railway Budget for the year 2004-05.

شری خان غفران زاہدی: مجھے دوسری عرض یہ کرنی ہے کہ ابھی ہمارے ایک ساتھی جو آپ کی ہی پارٹی کے ہیں، پتہ نہیں کس وقت یہ سوچیں گے کہ وہاں سے چھوڑیں اور سچا آدمی ادھر آنا چاہئے- پتہ نہیں کیسے ہیں؟ خیر، آپ کے ساتھی نے ابھی کہا کہ لیڈیز کے لئے اپربرتھ کر دیں، ایسے رزرویشن کر دیں سینٹر میں- میڈم، مجھے اس سیشن میں آنا تھا تو اسٹیشن سے ہی ہماری گھر والی واپس گئی- وہ اپر دیا ہے، یا تو تم بڑھاپے کی طرف چلو یا میں بڑھاپے کی طرف چلوں- تو میں نے کہا کہ آپ جاؤ- لیٹر لکھا ہوا ہے- ہاتھ سے لیٹر لکھنے کے بعد، جیسا کہ ہمارے ایک ساتھی ابھی بول رہے تھے، اجی وہ فیملی تو انہوں نے گاڑی سے بھیج دی- اس لئے رزرویشن سینٹر پر تھوڑے کساؤ کی ضرورت ہے- وہ سب جانتے ہیں کہ آپ بہت سخت ہیں- آپ فورا ہم لوگوں کے لیٹر پر ایکشن لیتے ہیں- میں نے خود دیکھا ہے کہ ایکشن ہی نہیں لیتے بلکہ جواب بھی بھیجتے ہیں- ایک ایسا منترالیہ ہے جس کے لئے میں کہہ سکتا ہوں اور یہاں سے کھڑا ہو کر کہہ رہا ہوں کہ جواب دیتے ہیں اور ایکشن لیتے ہیں- لیکن اس کو تیزی کے ساتھ ٹھیک کرنا ہوگا- یہ آپ بہتر سمجھ سکتے ہیں اور آپ نے نئی ٹرینوں کو چلانے کی بات کہی ہے- اگر انتظام نہیں ہوا تو آپ کی کتنی زمین کانپور میں بک رہی ہے؟ بڑے بڑے شہروں میں آپ نے ٹرینیں بند کر دی ہیں، دوسری سادھن ہوگئے ہیں- وہاں پر زمینیں پڑی ہوئی ہیں- وہاں پر اینکروچمینٹ ہو رہا ہے- پوری کی پوری کالونی بن رہی ہے- ٹرین مافیا چل رہے ہیں لیکن آپ کی زمین وہاں--- شہروں کی ٹوٹل زمین کو آپ حاصل کر لیں تو آپ کو ایک پیسے کی ضرورت نہیں پڑے گی- جو پرجیکٹ بنانے کے آپ خواب دیتے ہیں، ان کو پورا کرنے کے لئے آپ کو وقت مل جائے گا- لیکن اسکے انتظام کے لئے ایک اسپیشل ونگ، ایک اسپیشل ایکشن فورس بنانی پڑے گی تاکہ زمینوں کی ایسسمینٹ ہو سکے اور اس کو صحیح طور پر بیچا جا سکے- اس سے ترقی ہو تو ریلوے کی ہو- یہ ریلوے نے سوسال پہلے لی ہوئی تھی، آج وہ زمینیں آپ کی ہیں اور وہاں پر اینکروچمینٹ ہو رہا ہے اور یہ کارپوریشن ہے، ڈی ڈی اے ہے وہ سب اپنا اپنا کام کر رہے ہیں اور یہ سب لینڈ مافیا سے مل کر کھیل کر رہے ہیں- میں اس امید کے ساتھ کہ آپ ہمارے سجھاؤ کو اور لوگوں کے سجھاؤ کے ساتھ وچار کریں گے ------مداخلت------

†**श्री खान गुफरान जाहिदी** : मैं कोशिश करूंगा कि दो मिनट में ही समाप्त कर दूं। महोदया, आपके माध्यम से मैं भी दो-चार सुझाव रखना चाहता हूं। जैसा कि अभी हमारे सोज साहब ने कहां कि जो वायदा हो, वह निभने वाला वायदा हों कथनी और करनी का अंतर न हो। वैसे मुझे मालूम है कि आप बहुत सीरियस है, जो कहते है, उसको करते है और इसी वजह से आपोजिशन के लोग भी आपकी इस बात की तारीफ करते है कि आप एक संजीदा, एक बेहतर ऐडमिनिस्ट्रेटर है। अभी जितने प्रोजैक्टस आए है, उनकी व्यवस्था के लिए जो पैसे की जरूरत है – जो पिछले प्रोजैक्टस है, वे अभी तक पूरे नही हुए है इसलिए इन प्रोजैक्टस में चाहे आपको कुछ कहने में तकलीफ हो, प्रोजैक्टस उतने ही आएं जिनकी व्यवस्था आप अपने में सुनिश्चित करा सकें और उम्मीद हो सकें महोदया, मैंने पिछले रेल बजट पर बोलते हुए जो कुछ कहा था, उसमें से कुछ चीजें हुई है, उनकी मैं तारीफ करूंगा जैसे रेलवे के प्लेटफार्म की कमी की वजह से, गाडियों के बढ़ जाने की वजह से गाडियां लेट होती है क्योंकि उनको प्लेटफार्म अवेलेबल नही होता है और वे आउटर सिग्नल पर रुकती है। आपने उस क्षेत्र में काफी काम किया है और बहुत सी जगह नए रेलवे प्लेटफार्म की व्यवस्थाएं करना, नए नए स्टेशंस को बीच में क्रिएट करके वहां प्लेटफॉर्म बनाने की तरफ आपने तवज्जो फरमायी है। आपने अभी स्टेटस को दिल्ली से जोड़ने की बात की है। हमारे उत्तरप्रदेश में कई जिले ऐसे है जो हमारे लखनऊ से आज भी नही जुड़ते है। बहुत थोड़ा थोड़ा सा फासला हैं जैसे फतेहपुर 120 किलोमीटर पर है लेकिन कोई डायरेक्ट ट्रेन नही है, वह 6 घंटे में 8 घंटे में वहां पहुंचता है बहराइच 120 किलोमीटर पर है लेकिन वह कई जगह जाकर – गोंडा से जाए, जरवाल से जाए, तमुआ से घूमकर 120 किलोमीटर में राजधानियों से नही जुड़ सका।

कृपया आप जब प्रदेश के मुख्य मंत्रियों से बात करे या व्यवस्था के सिलसिले में बात करें और वहां से कुछ प्रोविजनस हो जाएं लैंड ऐक्विजिशन के लिए कुछ पैसा मिल जाए तो आप यकीनी तौर पर इस तरफ भी तवज्जह करें कि स्टेट्स की राजधानियों से उनके जिलों को डायरेक्ट जोड़ने की बात भी सामने आ जाए।

हमारे बैरागी जी बाद में शेर पढ़ते है लेकिन मैं पहले पढ़ता हूं:

'अगर तुमको नही कहना, हमारी बात ही सुन लो,
सफर में ऐ हमसफर खामोशी अच्छी नही होती।'

तो मैं आपको सिर्फ दो – तीन सुझाव देकर अपनी बात खत्म करूंगा क्योंकि मैडम ने यह बात कह दी है, इसलिए मैं भी चुप हूं। मैं आगे ज्यादा बोल नही सकता हूं।

सबसे पहली बात, आपने पिछली बार कहा था कि आपकी पुलिस की जो तीन-तीन टुकडियां काम करती है और सिक्योरिटी के काम को देखती है, उनमें को ऑर्डिनेशन न होने की वजह से कभी – कभी प्रोब्लम होती है। यह जो वाकया हुआ है प्राइम मिनिस्टर के यहां का जो बच्चा

फेंका गया है रेल से, इसमें आज तक कोई प्रोग्रेस नही हो पा रही है। हमें तो कुछ सोसायटी की तरफ भी मैडम आपके माध्यम से कहना है कि 75 आदमी उस डिब्बे में मौजूद थे और वे सबके सब इतने शरीफ थे कि चार आदमियों ने एक बच्चे को उठाकर फेंक दिया और वे कुछ नही कर सके। यह व्यवस्था का भी सवाल है कहां तक आप रोक सकेंगे लेकिन फिर भी आपकी इतनी बडी कारपोरेशन है आपको पुलिस फोर्स हर डिब्बे में तैनात करना पड़ेगा ताकि लोगो में विश्वास जागे लोग ट्रेनों में नही जा रहे है, वे अब डरने लगे है। आपके होते हुए लोगो में इस खौफ का अहसास पैदा हो, यह ठीक नही है। कभी टेक्नीकल गलती से, कभी किसी और गलती से ऐक्सीडेंट्स होते है। ठीक है होते है, जमाना है लेकिन इस तरह के भयानक इंसिडेंट्स जो हुए है, जिनके बारे में आप खुद शर्मिन्दगी महसूस करते थे बात करते वक्त, तो मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि क्या यह वक्त नही आया है – जब इतना बड़ा इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स बनता है, हर चीज के लिए फोर्स बनता है, एयर फोर्स अपना फोर्स बनाने की बात कर रहा है तो आप अपने कारपोरेशन के लिए कोई फोर्स तैयार करने का निर्णय करें ताकि सिक्योरिटी रहे। जब लोग ट्रेन में सफर करें तो रात को वे सोएं और सुबह बेहतरी से उठें – यह अहसास उनमें पैदा हो और खौफ दूर हो, इस तरफ तवज्जह करने की जरूरत है मैं सुझाव के रूप में दो – तीन बातें कहकर अपनी बात खत्म करना चाहता हूं, इसलिए जो बात मैडम ने कही है, उसकी तरफ भी ख्याल करना पड़ रहा है। ...(**व्यवधान**)... अभी बात बाकी है अभी रात बाकी है। इसमें कोई ...(**व्यवधान**)...

**श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल** : आपने शुरू में ही कहा था कि दो – तीन बातें कहेंगे। अब एक बात कहने के बाद फिर दो – तीन कह रहे है ?

**श्री खान गुफरान जाहिदी** : नही, आप अगर मौका दें तो कह देंगे। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि माल ढ़ोने की जो व्यवस्था है उसमें आप कहते है कि अब हम इतने मिलियन टन कर देंगे। दो तरह के प्रोडेक्टस है। एक हैं पैरिशेबल। पहले पार्सल वैन चलती थी हर ट्रेन के साथ में। पेरीशेबल में सबसे बड़ा मछवारों का काम हैं विशाखापट्टनम से गुवाहटी मछली जाती है, पटना मछली जाती है और उधर से इधर आती है। तो पैरिशेबल गुड्स के लिए आपकी पार्सल वैन का जो पुराना तसव्वुर था कि हर फास्ट ट्रेन में – हर ट्रेन में नही जाती थी – हर फास्ट ट्रेन में पार्सल वैन लगनी चाहिए ताकि पैरिशेबल गुड्ज जो 24 घंटे मे खराब होने वाली है, वे जा सके। विशाखापट्ट्नम से गुवाहाटी तक दो डिब्बे आप माल के दिया करते थे । जून में एक बंद हो गया, मैंने आपको एक लेटर भी दिया था, मुझे उम्मीद है कि वह काम ठीक हो जाएगा आपकी जहां नज़र पड़ेगी। आपकी तो नजर पड़ने की देर है। आठ करोड़ रूपए का लॉस जून से लेकर अब तक हो गया है। कितना लॉस हो रहा हैं क्योंकि यह प्रोवाइड नही हो रहा है एक्सप्रेस ट्रेनों में तो यह पोजिशन है।

पैट्री कार के संबंध में मैं क्राइटीरिया की बात कर रहा हूं कि 24 घंटे चलने वाले ट्रेनों में पैट्रीकार को होना लाजमी है। लोग कहते है कि 24 घंटे या 48 घंटे बाद जब यह डेसिटनेशन पर

पहुंचेगी, तो इस बीच में काफी सफर है ऐसी सारी ट्रेनों की छानबीन करके देखना चाहिए यह क्राइटीरिया है । जब आप जनरल करेंगे तो लोगों को, masses को फायदा पहुंचेगा । मैं यह बात आपसे इसलिए कह रहा हूं कि इस सिलसिले को जोड़ा जाए । ओवर ब्रिज के सिलसिले में मैंने आप से पिछली बार भी निवेदन किया था कि शहरों में बढ़ती हुई आबादियों में नई नई कालोनीज क्रीएट हो रही है । चीफ मिनिस्टर साहिबान से मिलकर ओवर ब्रिज के लिए अगर कुछ थोडी सी बात हो जाए, कुछ मामले बन जाएं, तो ठीक रहेगा । आज बडी तेजी के साथ ओवर ब्रिज बनाने की जरूरत है । जो ट्रेनें आपके फाटकों की वजह से रूकती हैं तो उसमें भी काफी व्यवस्थाएं खराब होती है । गाडी रेग्युलर टाइम पर चलनी चाहिए । अभी आपने देखा होगा कि पिछले 15 दिनों में बडी सर्दी पडी है तो जिस समय गाडियां दिल्ली से निकलने वाली थी, उसके 24-24 घंटे के बाद गाडियां निकली । आपको दस के करीब गाडियां केंसिल करनी पडी । जैसे एयरोप्लेन को उतारने के लिए जो टेक्नीकल साधन अपनाएं जा रहे है ताकि वे बहुत धुंए और बहुत ओस, धुन्ध में भी उतर जाएं । हो सकता है कि आपका विंग कोई रिसर्च इस बारे में कर रहा हो, इसके लिए कोई व्यवस्था बनाई जाए कि जड़े में जब सर्दी ज्यादा पडी है या ज्यादा बारिश होती है तब हमारी ट्रेनों की व्यवस्था सही हो सके । ...(**समय की घंटी**) ... आपके रिसर्च एंड डेवलपमेंट को इस तरह तवज्जो दिलवाने की जरूरत है । मैडम, मैं बहुत तेजी से चल रहा हूं । फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन चला रहा हूं ।

**उपसभापति** : आप इतना तेज चलोगे तो कहीं एक्सीडेंट ही न हो जाए । …(**व्यवधान**)…

**श्री खान गुफरान जाहिदी** : मुझे दूसरी अर्ज यह करनी हैं कि अभी हमारे एक साथी जो आपकी ही पार्टी के है, पता नही आप किस वक्त यह सोचेंगे कि वहां से छोड़े और सच्चा आदमी इधर आना चाहिए । पता नही कैसे है? खैर, आप के साथी ने अभी कहा कि लेडीज के लिए अपर बर्थ कर दें, ऐसे रिजर्वेशन कर दें सेंटर में । मैडम, मुझे इस सेशन में आना था तो स्टेशन से ही हमारे घर वाली वापस गई । वह अपर दिया है । या तो तुम बुढ़ापे की तरफ चलो या मैं बुढ़ापे की तरफ चलूं । तो मैंने कहा कि आप जाओ । लैटर लिखा हुआ है । हाथ से लेटर लिखने के बाद, जैसा कि हमारे ये साथी अभी बोल रहे थे, अजी वह फेमिली तो उन्होंने गाडी से भेजी दी । इसलिए रिजर्वेशन सेन्टर पर थोड़े कसाव की जरूरत है । वे सब जानते है कि आप बहुत सख्त है । आप फौरन हम लोगो के लेटर पर एक्शन लेते है । मैंने खुद देखा है कि एक्शन ही नही लेते बल्कि जवाब भी भेजते है । एक ऐसा मंत्रालय है जिसके लिए मैं कह सकता हूं और यहां से खड़ा होकर कह रहा हूं कि जवाब देते है और एक्शन लेते हैं लेकिन इसको तेजी के साथ ठीक करना होगा । यह आप बेहतर समझ सकते है और आपने नई ट्रेनों को चलाने की बात कही है । यदि व्यवस्था नही हुई तो आपकी कितनी जमीन कानपुर में बिक रही है ? बड़े – बड़े शहरों में आपने ट्रेनें बंद कर दी है, दूसरे साधन हो गए है । वहां पर जमीनें पडी हुई है । वहां पर एन्क्रोचमेंट हो रहा है । पूरी की पूरी कालोनी बन रही है । ट्रेन माफिया

चल रहे हैं लेकिन आपकी जमीन वहां..... शहरों की टोटल जमीन को आप हासिल कर लें तो आपको एक पैसे की जरूरत नही पड़ेगी । जो प्रोजेक्ट बनाने के आप ख्वाब देखते है, उनको पूरा करने के लिए आपको समय मिल जाएगा । लेकिन उसकी व्यवस्था के लिए एक स्पेशल विंग, एक स्पेशल एक्शन फोर्स बनानी पड़ेगी ताकि जमीनों की एसेसेमेंट हो सके और उसको सही तौर पर बेचा जा सके । उससे उपलब्धि हो तो रेलवे की हो । यह रेलवे ने सौ वर्ष पहले ली हुई थी, आज वह जमींनें आपकी है और वहां पर एन्क्रोचमेंट हो रहा है और ये कारपोरेशन है, डीडीए है, ये सब अपना – अपना काम कर रहे है और ये सब लैंड माफिया से मिलकर खेल कर रहे है । मैं इस आशा के साथ कि आप हमारे सुझावों को और लोगों के सुझावों के साथ विचार करेंगे । ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति** : नीतीश जी, अब आप किधर जाएंगे यह तो मुझे नही मालूम लेकिन जवाब दे दीजिए ।

**रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार)** : मैडम, मैं सबसे पहले उन सभी माननीय सदस्यों को जिनकी संख्या मेरे हिसाब से 23 है, जिन्होंने रेल बजट पर पूरी चर्चा में हिस्सा लिया है, धन्यवाद देना चाहता हूं । उनके वक्तव्यों के माध्यम से कई सुझाव मिले है और इसकी पूरी व्यवस्था है कि उन्होंने जो सवाल उठाए है, इससे रेलवे के काम में और बेहतरी लाने में और सहूलियत होगी । कई माननीय सदस्यों ने कुछ सूचनाएं सदन में दे रखी है । यह आवश्यक है कि मैं भी कुछ सुझाव सदन में रख रहा हूं । रेलवे की वित्तीय हालत को लेकर कुछ चिंता प्रकट की गई है । कुछ माननीय सदस्यों ने इसकी चर्चा कर दी कि इसकी वित्तीय स्थिति ठीक नही है । किसी ने यहां तक सोच लिया है कि शायद यह घाटे की ओर जा रही है, तो मैं सबसे पहले इस बात की जानकारी देना चाहता हूं कि नम्बर एक तो रेलवे की वित्तीय हालत में निरंतर सुधार हो रहा है,रेलवे घाटे में नही है, रेलवे मुनाफे में है । बल्कि 2003-2004 में हमने जो अनुमान लगाया था, उसकी तुलना में हमारी स्थिति और बेहतर हुई है । रेलवे की वित्तीय स्थिति को मापने का एक प्रचलित तरीका है, लोकप्रिय मापदंड है, वह है ऑपरेटिंग रेशो । हमने बजट अनुमानों में यह उम्मीद प्रकट की थी हमारा ऑपरेटिंग रेशो 2003-2004 में 94.4 होगा, लेकिन इस अंतरिम बजट के साथ-साथ , हमने बजट अनुमानों के बाद उनकी जो समीक्षा की थी, उनके आधार पर अब उन्हें संशोधित किया है और अब ऑपरेटिंग रेशों बेहतर होकर 92.6 हो जायेगा । जहां हमने अनुमान किया था कि 100 रुपये की कमाई करने के लिए हमें 94.10 पैसे खर्च करने होंगे, वही अब स्थिति इम्प्रूव हुई है और और 100 रुपए की कमाई के लिए 92.60 पैसे खर्च करने होंगे । यह एक मापदण्ड है । दूसरा मापदण्ड है कि हमारा कारोबार कितना बढ़ा ? हमने अनुमान लगाया था कि हम पूरे साल में 540 मिलियन टन की ढुलाई करेंगे । हमें दिसम्बर तक के जी आंकड़े उपलब्ध हुए है, उसके आधार पर अस नतीजे पर पहुंचे है कि न सिर्फ 2003-2004 वर्ष में हम 540 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब होंगे बल्कि हम उससे ज्यादा लदान कर पाएंगे इसलिए बजट अनुमानों को संशोधित

किया गया है और अब 540 मिलियन टन के लक्ष्य को बढ़ाकर 550 मिलियन टन किया है। इस प्रकार से जो आमदनी है वह इस प्रकार के यातायात से ही प्राप्त होती है। लेकिन कुल मिलाकर हमने इस बात का उल्लेख किया है, बजट अनुमानों में हमने जितनी उम्मीद की थी कि हमें आमदानी होगी, उतनी नही हो रही है। बावजूद इसके के हमारा व्यापार बढ़ गया, ढुलाई बढ़ जाऐगी , फिर भी नही हुआ, इसका कारण हैं कि हमने प्रति मिलियन टन आमदनी का जो आकलन किया था, हम वहां नही पहुंच पा रहे है। प्रति मिलियन टन आमदनी घट गई है। इसके कई कारण है। एक तो हम औसत तौर पर मान लेते है कि हमारे माल की ढुलाई में एवरेज लीड क्या होगी। वह लीड थोडी घटी है और यह रेलवे के हाथ में नही है। हमारे यहां, यह उन पर निर्भर करता है, जिनके माल की हम ढुलाई करते है। दूसरी बात यह है कि जैसा हमने सोचा था कि जिस प्रकार का ट्रैफिक मिक्स हमे मिलेगा, उसमें कमी आई है।हाई रेटिड कमोडिटी के लदान में थोडी कमी हुई है और कम दर वाले मालों की ढुलाई ज्यादा हुई । ढुलाई ज्यादा हो गई लेकिन प्रति मिलियन टन आमदनी की कमी हुई है। इस प्रकार कुल आमदनी, जो हमने बजट अनुमान लगाया था, उसके हिसाब से और यात्री यातायात का मिलाकर 890 करोड़ रूपए की कमी हो गई, लेकिन नही पर हमने जो खर्च का अनुमान किया था उसमें काफी अच्छी सेविंग हो रही है, बचत हो रही है। लगभग 1,500 करोड़ रूपए की सेविंग है। अगर आमदनी, जो हमने अनुमान लगाया था उसे 890 करोड़ रूपए कम होगी तो खर्च की सेविंग में 1500 करोड़ रूपए की कमी होने जा रही है। इस प्रकार से कुल मिलाकर आमदनी और खर्चे का हिसाब करें तो हमने जो सोचा था कि अंततोगत्वा हमारा जो रेवेन्यू रिसीट होगा उससे हमारा ज्यादा रिसीट हो रहा है। यही कारण है कि हमारी जो आमदनी ज्यादा हो रही है, उसे हम डेवलेपमेंट फंड में डाल रहे है। उसके माध्यम से सेफटी के काम में ज्यादा खर्च कर रहे है यही कारण है। हम देखेंगे कि प्लान साइज हमने बढ़ा दिया है, हम लोगो का प्लान आउट ले बढ़ गया है। जहां हमने अनुमान रखा था कि इस साल का प्लान आउट ले 2003-2004 का 12,918 करोड़ रूपये होगा, उसको 1,000 करोड़ रुपये से बढ़ाया जा रहा है, 13,918 करोड़ रुपये का प्लान है। इसमें से कुछ पैसा, जो अभी मिला है, रिवाइज्ड स्टेज में आकर, हमें ऊधमपुर – श्रीनगर लाइन के लिए 500 करोड़ रूपए मिले है , यह शामिल है इसके अलावा तीन सौ करोड़ रुपये हमें अतिरिक्त बजटीय सहायता मिली है, वह शामिल है और दो सौ करोड़ रूपया ज्यादा हमने अपने आंतरिक संसाधनों में जो वृध्दि की है, वह शामिल है। उसके चलते हजार करोड़ रुपया से प्लान आउट ले बढ़ाया जा रहा है। यहां यह चित्र है कि हमारा प्लान साइज बढ़ रहा है , कुल मिला करके हमारा रेवेन्यु रिसीट बढ़ रहा है, हमारा ऑपरेटिंग रेश्यो इंप्रूव कर रहा है। तो यह गलतफहमी नही पैदा होनी चाहिए। रेवेन्यु रिसीट का मतलब ही मुनाफा होता है। हम उतना मुनाफा कमा रहे है। जो हमारा रेवेन्यू रिसीट है चार हजार करोड़ रुपये से ज्यादा, तो उतना तो हम मुनाफे में है। इसलिए घाटे में नही है। हालत खराब नही है। हालत अच्छी है। वह सुधर रही है। हमें और बेहतरी की

ओर जाना है । हमें अपनी आर्थिक स्थिति को और सुधारना है । रेलवे की आर्थिक स्थिति अगर बिगडी तो उसका एक सब से बडा कारण पंचम वेतन आयोग के कारण उत्पन्न हुआ दबाव था । उसको अब रेलवे ने धीरे-धीरे अब्जॉर्ब कर लिया है और हम आगे बढ़ रहे है । अब ऑपरेटिंग उद्देश्यों में फिर हम 92 के आसपास पहुंचने जा रहे है तो यह अच्छी उपलब्धि है । हम एक तरह से 98 से ऊपर जा चुके थे । वहां से इंप्रूव करते हुए हम इस स्थिति को प्राप्त कर रहे है । यह हमारी आर्थिक स्थिति की बेहतरी का परिचायक है । इसलिए जब दीपांकर मुखर्जी ने कुछ आंकड़ो को रखा था तो उससे ऎसा चित्र प्रस्तुत हो रहा था कि साहब रेलवे तो कहीं जा ही नही रही । इन्होंने एक साल का बीस मिलियन टन का  का आंकड़ा दे दिया, उस साल भी बढा । इस साल भी आपने बीस मिलियन टन का टॉर्गेट रखा । उनको, मैं बताना चाहता हूं, हमने अपने बजट भाषण में ही कहा, जब 492 मिलियन टन का लक्ष्य था,उसके ऊपर हमने सोचा था कि हम 510 तक जयेगे 2002-2003 मे,उससे आगे बढ़ करके हम 518 मिलियन टन तक पहुचं गए । 2003-04 मे हमने 540 मिलियन टन का लक्ष्य रखा,उसको पार करके 550 पर हम जा रहे है । बीते साल 492, उसके ऊपर इंप्रूव कर हम 528 पर पहुंचे, 518 से इंप्रूव करके इस साल हम 550 पर जा रहे है । लेकिन चूंकि अंतरिम बजट है इसलिए प्रारंभिक अनुमान हमने बीस मिलियन टन बढ़ा कर रखा है । बजट एस्टीमेट पर हमने 30 मिलियन टन ज्यादा रखा है । 540 बजट एस्टीमेट था । उसके मुकाबले हमने इस साल 2004-05 का 30 मिलियन टन बढ़ कर 570 रखा है । 2003-04 में रिवाइज्ड एस्टीमेट जो हमने 550 किया है, उसे हम बीस मिलियन टन ज्यादा बढ़ा कर लक्ष्य रख रहे है । लेकिन यह जो प्राथमिक आकलन है, प्रारंभिक आकलन है । जब पूरा बजट आएगा तो उस समय हम और परिस्थिति को देखेंगे । तब तक पूरे फाइनांशियल ईयर का पूरा चित्र सामने आ जाएगा कि हम कहां पहुंचे और हमारे सामने क्या-क्या चीजों की डिमांड है । हम कई बातों को ध्यान में रख कर अपना टॉर्गेट रखते है । इंडस्ट्री की क्या डिमांड है । चारो तरफ से हमारे पास जो फ्रेट ट्रैफिक है उनको मोटे तौर पर जो बल्कि मूवमेट होता है, उसका क्या डिमांड है, उसको ध्यान में रख कर और पिछले वर्षो के अनुभव के आधार पर हम रखते है । इसलिए हम बेहतरी की ओर जा रहे है । मुझे अच्छी तरह याद है जब 1998-99 में भी हम रेल मंत्री बने थे तो 430मिलियन टन का लक्ष्य था । जिसे हम प्राप्त नही कर सके थे और 422 मिलियन टन पर अटक गए थे । आज 540 का लक्ष्य उसको एक्सीड करके 550 पर पहुंच रहे है ।  पांच वर्षो में इतनी ज्यादा प्रगति है तो इसको एप्रीशिएट करना चाहिए । दीपांकर मुखर्जी के पास कुछ कागजात रहते है, इसमें कोई शक नही है और उन कागजातों का अगर सदन की बहस में इस्तेमाल करते हैं तो यह तो उनका कौशल है और इसकी प्रशंसा होनी चाहिए । लेकिन मैंने सोचा कि उन्होंने कुछ तथ्य रखे है, कुछ आंकड़े रखे है,तो उन आंकड़ो के जवाब में मैं कुछ तथ्य रखूं और जो सही है, जिनको रेलवे ने एचीव किया है, उन चीजों को हम रख रहे है । यह बात सही है कि हमें कभी भी अव्यावहारिक लक्ष्य नही निर्धारित करना चाहिए । अगर हम व्यावहारिक

लक्ष्य निर्धारित करेंगे तो हम धीरे – धीरे आगे बढ़ेंगे और इस बार रेलवे का जो अपना, इन्होंने अपने लक्ष्य के मुकाबले जो ग्रोथ हासिल किया है, वह बेहतर है यानी आज जो हम इकोनोमी का डिमांड है उसको पूरा करने की स्थिति में है। यही कारण है कि हम धीरे – धीरे और ज्यादा ट्रैफिक को अट्रैक्ट कर रहे है । हमने इसके लिए फ्रेट रेट का रेशनलाजेशन किया है। उसका परिणाम है अब हम माल अपनी तरफ अट्रैक्ट कर रहे है शुरू में लगेगा कि आमदनी कम हो रही है पॉर्सल के रेट को भी हमने रेशनलाइज किया। आप स्टेशन पर चले जाइये। आपको कई प्लेट फॉर्म्स पॉर्सल से अटे पड़े मिलेंगे। उसकी व्यवस्था को हमें इंप्रूव करना है उसकी व्यवस्था में और सुधार लाना है उसको धीरे – धीरे सुधार रहे है। उसको कई प्रकार से कंप्यूटराइज करेंगे। अभी भी उसमें कई प्रकार के दोष है उनको ठीक करना पड़ेगा। हमने रेट को रैशनलाइज कर दिया और उसके चलते हमारी तरफ वॉल्यूम आने लगा। मैडम, जब हम एक बार अपनी तरफ वॉल्यूम अट्रैक्ट कर लेंगे तो हमारी आमदनी स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। हम ने कहा है कि जो हमारा ग्राहक है, वहां तक रेलवे जाए। रेलवे को कुछ हद तक मोनोपोली हासिल है। अब मानोपोली के चलते थोडी letharagy आ जाती है। लोग समझते है लोग हमारे पास आयेंगे, हम क्यों लोगों के पास जाएं। हम ने कहा कि लोगो के पास जाना होगा, लोगो की जरूरत को समझना होगा। तो आप अपनी तरफ ट्रैफिक को अट्रेक्ट करिए । कि यही कारण है कि कई पार्सल ट्रेन्स चलायी गयी। उस के लिए एंड टू एंड सर्विस दी गयी। आर0पी0एफ0 की उन को सुरक्षा प्रदान की गयी। माल गायब हो जाता है। उस के लिए सुनिश्चित किया गया कि किसी प्रकार से भी माल गायब न हो। इस के अच्छे परिणाम निकले। तो कई जगहों पर, कई सेक्टर्स में हमने वॉल्यूम को अपनी तरफ अट्रेक्ट किया हैं इसलिए बेहतरी हुई है। अब हम टार्गेट से भी आगे जा रहे है तो यह रेलवे के अच्छे स्वास्थ्य का परिचायक है और यह सदन के समर्थन से संभव हो पाया हैं सदन में जो चिंता प्रकट की जाती है, उसके चलते यह सब कुछ संभव हो पाया है।

अब दूसरा सब से महत्वपूर्ण प्रश्न है सेफ्टी का। सेफ्टी के लिए जो कदम उठाया जाना चाहिए, वह उठाया गया है ? मैडम, सेफ्टी एक ऎसा विषय है जिसे रेल मंत्रालय सर्वोच्च प्राथमिकता देता है सेफटी को लेकर जो चिंता प्रकट की जाती है, वह स्वाभाविक है अगर दुर्घटनाएं होंगी, लोगो की जान जाएगी तो लोगो की चिंता स्वाभाविक है और जब रेलों का परिचालन सरकार करती है तो सरकार की आलोचना होना भी स्वाभाविक है। लेकिन एक्सीडेंट्स को रोकने के लिए जो कदम उठाए जा रहे है, उस की तरफ भी हमारा ध्यान जाना चाहिए। कहां वर्षो से जिन रेल की पटरियों का रिनुअल होना चाहिए था, वह पैसे की कमी के कारण नही हो पा रहा था, इस सरकार ने अतिरिक्त धन का प्रबंध किया तो उस की प्रशंसा होनी चाहिए। जस्टिस खन्ना कमेटी ने सिफारिश की और हम ने 98 में रेलवे सेफ्टी रिव्यू कमेटी बनायी थी । उन की रिपोर्ट आई । उन्होंने कहा कि रेलवे में कई तरह के रिनुअल ओवरडयु हो गए है। उन को करना जरूरी है, लेकिन रेलवे के पास धन नही है।

इसलिए सरकार को अलग से मदद करनी चाहिए। सरकार ने उस सिफारिश को स्वीकार किया और 17 हजार करोड़ का स्पेशल सेफटी फंड बनाया। वह अक्टूबर, 2001 से काम कर रहा हैं उस का 6 साल का लक्ष्य रखा गया। पहला साल तो 6 महीने का ही था , उस के बाद तीसरे साल में लक्ष्य 6 साल के लिए। मैडम, कई बार कह दिया जाता है कि सेफटी फंड बना दिया 17 हजार करोड़ का , तब भी एक्सीडेंट हो रहा है। फिर आप क्या कर रहे है उस 16500 किलोमीटर पर जिस का कि रिनुअल होना है, उस में से इस साल के आखिरी यानी 31 मार्च तक 8500 किलोमीटर रेल की पटरियों का रिनुअल हो जाएगा। यह तो अच्छा एचीवमेंट है। यह तो ढ़ाई साल के अंदर होगा। मैडम, 6 साल के अंदर 16500 किलोमीटर करना है, उस में से 2700 किलोमीटर का रिप्लेसमेंट 31 मार्च, 2004 तक हो जाएगा। यह तो एक तरह से अच्छी उपलब्धि है। हमें और तेजी से आगे बढ़ना है और मुझे इस बार आप को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड में दो कम्पोनेंट है। उस में से 12 हजार करोड़ रुपया भारत सरकार को जनरल एक्सचैकर से देना है। मैडम, यह अंदाजा किया गया था कि 5 हजार करोड़ रूपए सेफ्टी सरचार्ज के तौर पर यात्रियों से वसूला जाएगा। हम पहले साल से देख रहे है कि जितना हम अनुमान सेफ्टी सरचार्ज से लगाते है, उतना नही आता है और जो सेफ्टी सरचार्ज का पैसा नही आता है, हम उस की भरपाई अपने इंटरनल रिसोर्सेस से कर रहे है। पहले साल 1400 करोड़ रखे गए। मैडम, हजार करोड़ जनरल एक्सचैकर से, 400 करोड़ आना था सेफ्टी सरचार्ज से, लेकिन आया 305 करोड़। इस तरह हम ने इंटरनल रिसोर्सेस से 95 करोड़ कम्पेनसेट किया। उस के ऊपर 34 करोड़ रुपया इंटरनल रिसोर्सेस से और दिया यानी 1434 करोड़ रुपया खर्च किया। उस के अगले साल 2002-2003 में 2210 करोड़ रुपए का लक्ष्य रख गया। उस में से 1350 करोड़ रूपए भारत सरकार ने दिए और बाकी सेफ्टी सरचार्ज से आना था, लेकिन नही आया। बाकी को भी हमने दिया। इसके अलावा हम और आगे बढ़े, 2010 करोड़ रुपए की जगह पर वर्ष 2002-2003 में 2486 करोड़ रुपए खर्च किए गए और वर्ष 2003-2004 में हम और ज्यादा खर्च करेंगे, जिसका हमने 2300 करोड़ का आंकलन किया है, उससे भी ज्यादा खर्च कर पाएंगे। तो यह स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड में इसका फिसिकल और फाइनेन्सियल,दोनों टारगेट का हमने उल्लेख किया है आपने इस अंतरिम रेल बजट के भाषण में। तो वह तो प्रगति हो रही है।

मैडम, इसके अलावा शायद विरूम्भी जी ने या किसी माननीय सदस्य ने कहा कि यह तो आप बता रहे है, लेकिन जो हर साल नए रिन्यूवल होना है उसका कैसे होगा ? उसका हम डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड से रिन्यूवल कर रहे है। करंट एराइजिंग को हम डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड से कर रहे है। स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड में तो पहले के जो रिन्यूवल ड्यू थे उनको शामिल किया गया था। उन तमाम प्रोजेक्ट को शामिल किया गया, रिन्यूवल के कामों में शामिल किया गया , वर्क को शामिल किया गया और उसके लिए एक अलग डाक्यूमेंट बनाकर सदन में रख दिया गया। उसमें हम रद्दोबदल नही कर सकते। जो काम करना है आवर ड्यू रिन्यूवल के लिए,उन परिसंपत्तियों के

नवीकरण करने के लिए, वे डाक्यूमेंट संसद में रख दिये है, उनमें कोई मंत्री चाहकर भी इधर से उधर नही कर सकता । वे संसद को बताई हुई चीजें है । उससे वे काम हो रहे है और जो करंट एराइजिंग हर साल रिन्यूवल के लिए काम आता है उसको हम डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड से करते है । डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड में हर साल हम पैसे डाल रहे है, इस डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड में हमने रिजर्व क्रिएट किया है । अब यह बात नही है कि डेप्रिसिएशन रिजर्व फंड में पैसे की कमी है । इसके लिए तो हम रिजर्व क्रिएट कर रहे है । आंतरिक संसाधन से जो हमारे पास पैसा होता है, सबसे पहले हम डीआरएफ को देते है । तो इस प्रकार से कोशिश हो रही है कि सेफ्टी की हर चीज को हम टेकल करें । हमने देश भर के रेल कर्मचारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया, सेफ्टी संवाद और देश भर में हम उनके साथ घूमे, बातचीत की कि कहां क्या दिक्कत है, कहां क्या कठिनाई है । उनका मोटिवेशन बढ़ा है । उन्होंने जो समस्या बताई उनको टेकल किया गया । सब राय के बाद हमने दस साल का कारपोरेट सेफ्टी प्लान बनाया ।

महोदया, दीपांकर जी ने चार साल, पांच साल के आंकड़े दिखा दिए, मगर हम थोड़ा पीछे जायें, मैं कोई इसके लिए श्रेय नही लेता हूं, श्रेय अगर किसी को जाता हैं तो रेलवे के काम करने के तरीके को जाता है और श्रेय अगर किसी को जाता है तो संसद को जाता है । हर साल, दर साल एक्सीडेंट की स्थिति में सुधार आया है, संख्या घटी है । कभी फ्लक्चुएट भी हुआ है, कभी बढ़ गया एक साल तो फिर आगे घट गया है, लेकिन जो पहले जमाना था उससे एक्सीडेंट घटते चले जा रहे है । एक्सीडेंट घट रहे है। अब तो जो दुनिया भर मे पर मिलियन टैंन किलोमीटर के हिसाब से कितने एक्सीडेंट होते है उसके अनुसार वर्ष 2002-2003 में वह घटकर 0.44 हो गया । हमने कारपोरेट सेफ्टी प्लान लाया । चार साल के अंदर इसको 0.3 ...(**व्यवधान**)... मैंने पूरी बात आपकी सुनी । वही तो मैंने कहा कि फ्लक्चुएट हो सकते है, लेकिन 60 के दशक से आप तुलना करिए । लगातार घट रहे है । मैंने तो कोई क्रेडिट नही लिया कि एक साल का काम है ।

**श्री राजीव शुक्ल** (उत्तर प्रदेश) **:** पिछले साल ज्यादा हो गए ।

**श्री नीतीश कुमार** : पिछले साल नंबर ऑफ एक्सीडेंट घट गए । यही तो आप मीडिया वालों के साथ मुसीबत है । ...(**व्यवधान**)... आप असलियत पर ध्यान नही देते । अब आपने हमको छेड़ दिया । ...(**व्यवधान**)... हम विनम्र प्रार्थना कर रहे है । ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजीव शुक्ल** : नीतीश जी, पिछले साल आपका नाम दुर्घटना मंत्री रख दिया गया था । वह क्यों रख दिया गया था ?

**श्री नीतीश कुमार** : वे तो जो चाहें रख दें ।

**श्री राजीव शुक्ल** : पिछले साल आपका नाम दुर्घटना मंत्री हो गया था ।

**श्री नीतीश कुमार** : यह तो जो आपकी इच्छा हो रख दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजीव शुक्ल** : पिछली बार आपका एक्सीडेंट मिनिस्टर नाम हो गया था। तो यह एक्सीडेंट मिनिस्टर नाम क्यों हो गया था ? ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीतीश कुमार** : माफ करेंगे। ...(**व्यवधान**)... दिक्कत यह है। ...(**व्यवधान**)... हम आपकी बात कर रहे है, लेकिन इतना हम बता दें कि नाम तो आप चाहें रख दें, जिसकी जो मर्जी वह नाम रख दें। जो चाहे, जिसको आप कोई नाम कर दीजिए, लेकिन क्या प्रयत्न किए गए आप उसको देखिए। जब कभी रेलवे की वर्किंग के बारे में कोई अनुसंधान करेगा तो उसको मालूम होगा। मैं इतनी बात एक वेदना के साथ कहता हूं। हम तो साधारण बैकग्राउंड से आते है, हमारा कोई अमीरी का बैकग्राउंड नही है, ऎसा कोई बड़ा भारी बैकग्राउंड नही है कि हमारा आपके साथ एक सोशल कोटेक्ट हो गया। तो हम लोगों को जगह प्राप्त करने में बडी कठिनाई होती है, बडी मुश्किल होती है। हम लोग जो कर रहे है उसको भी ऎप्रिसिएट नही किया जाएगा। स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड जिसके कार्यकाल में गठित हो, यानी दुर्घटनाओं को कैसे टैकल किया जाए। दुर्घटनाएं कई प्रकार की होती है – डिरेलमैंट की होती है, कोलीज़न की दुर्घटना हुई थी "गैसल" , हमने इस्तीफा दिया था। उस दुर्घटना को रोकने के लिए अगर उपाय किया जा रहा है, ऍटी कोलीज़न डिवाइस को अब इंट्रोड्यूस किया जा रहा है तो भी आप हमको कहते है दुर्घटना मंत्री। आप जो चाहे कर लें, जो चाहे नाम दे लें , हम लोग तो गरीब घर से आते है, हम लोग क्या करेंगे। आप लोग तो बड़े लोग है, आपको मामूली बैकग्राउंड के लोग तो अच्छे लगते नही। विश्वास नही होता है कि एक पिछड़े प्रदेश से आया हुआ आदमी, समाज के पिछड़े वर्ग में पैदा हुआ एक आदमी भी काम कर सकता है, यह तो यकीन होता नही है। आपने तो बिहार की ऎसी छवि बना ली है कि आपको हर बिहारी निकम्मा दिखाई पड़ता है। आपने पिछड़े वर्गो के बारे में एक धारणा बना ली है कि पिछड़े वर्गो के पास मैरिट नही होता है।

**एक माननीय सदस्य** : क्यों नही होता, होता है।

**श्री नीतीश कुमार** : आपने तो यह धारणा बना रखी है और कोई कारण नही है। मैं कई बार इस बात का विश्लेषण करता हूं तो मैं पाता हूं कि अगर मेरे किए कार्य को ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजीव शुक्ल** : आपकी पार्टी वाले बिहार की छवि बिगाड़ते है।

**श्री नीतीश कुमार** : ऎप्रिसिएट नही किया जाता है तो उसका कारण है कि मैं बिहार में पैदा हुआ और दूसरा कारण है कि मैं पिछड़े वर्ग में पैदा हुआ। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे** : आप बिहार की छवि ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति** : ऑर्डर प्लीज़ । कोई जरूरी नही है कि ये बिहार का नाम ले रहे है ।

**श्री नीतीश कुमार** : हम तथ्य बता रहे है । अगर मैं बिहार में नही पैदा हुआ होता तो दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जो कदम उठाए गए है उनकी भी चर्चा होती । आज नही होती है चर्चा, मैं जानता हूं कि समाज की क्या बनावट है । सब प्रकार की पीड़ा को झेलते हुए काम करना है, इसलिए हमको उसका ...(**व्यवधान**)...

**श्री लालू प्रसाद** (बिहार) : महोदया, माननीय नीतीश कुमार जी क्यों भावुकता में, गुस्से में बोल रहे है, असल में इनका कोई दोष नही है, इनको लोहा भाता ही नही है ।

**श्री नीतीश कुमार** : लालू जी यह कहने के लिए कहीं से चले आए । यह इनकी परमानेंट थ्यौरी है । मैं बता दूं कि यह बात इनको हमने स्वयं कही थी । हम लोग जब साथ थे तब हम किसी गाडी में बैठ जाएं, वह खराब हो जाए, तो बात होती रहती थी, तब हमने ही इनको कहा था कि हमको लोहा नही भाता है । इन्होंने याद रखा और मेरे ही खिलाफ ये उसका इस्तेमाल कर रहे है ।

**श्री प्रेम गुप्ता** : यह अंदर की बात है ।

**श्री नीतीश कुमार** : हां, यह अंदर की बात है । लेकिन हमारे बड़े भाई है, उम्र में हमसे बड़े है, अगर वे कह देते है तो हम स्वीकार कर लेते है ।

**श्री लालू प्रसाद** : हम कहां कुछ बोले है ।

**श्री नीतीश कुमार** : अब स्पेशल रेलवे सेफ्टी फंड बना है । इसके बाद हमने कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित किया और कारपोरेट सेफ्टी प्लान लाए । ट्रेनिंग कैसे इम्प्रूव की जाए, उसका प्रबंध हुआ । हर प्रकार से इंतजाम किया जा रहा है ।

**श्रीमती सरोज दुबे** : उसका रिज़ल्ट क्या है ?

**श्री नीतीश कुमार** : उसका रिज़ल्ट हो रहा है, मैडम । अब अगर मज़ाक उड़ाने के लिए कोई बात कर रहा है तो मैं उसका उत्तर नही दूंगा ।

**श्रीमती सरोज दुबे** : नही, मैं मज़ाक नही उड़ा रही ।

**उपसभापति** : अच्छा , अब बैठिए न सरोज जी । ठीक है, लालू जी आ गए, बैठे है, आप मिनिस्टर हो गई । अभी शांत से हाऊस चलने दीजिए । ...(**व्यवधान**)... बैठिए बैठिए। मैं यहां चेयर पर बैठती हूं, सब देखती हूं ।

**श्री नीतीश कुमार** : लालू जी इशारा कर रहे है, चिंता मत करिए । जब कुछ अंदर की बात होगी तो हम भी पैरवी कर देंगे, चिंता मत करिए ।

**श्री बालकवि बैरागी** : मंत्री जी, आप कर्मचारियों के बारे में बयान दे रहे है, उसमें एक थोडी सी जानकारी चाहिए कि जब आप रेलवे कर्मचारियों से सेफ्टी के बारे में बात कर रहे है तो उन कर्मचारियों में पुलिस वाले, जो कि ड्यूटी पर लगे रहते है, वह वर्ग भी उसमें शामिल है क्या जिस वर्ग से आपका संवाद सेफ्टी को लेकर होता है ?

**उपसभापति** : अभी जो बात हो रही है वह रेलवे सेफ्टी की है और आप जो कह रहे है वह यात्रियों की सेफ्टी की है। अभी उस पर मंत्री जी आए नही है।

**श्री नीतीश कुमार** : महोदया, दिक्कत यह होती है कि हम लोग सेफ्टी और सिक्युरिटी दोनो को मिला देते है। हम अभी सेफ्टी की बात कर रहे थे लेकिन हमने जो संवाद स्थापित किया उसमें रेलवे सुरक्षा बल के लोगो को भी अवसर दिया अपनी बात कहने का। उसमें रेलवे सुरक्षा बल के लोग भी थे लेकिन यह ध्यान सेफ्टी पर था, यानी रेलवे के परिचालन को कैसे बेहतर बनाया जाए, लोगो का विश्वास कैसे हासिल किया जाए, मानवीय भूल के चलते दुर्घटनाएं होती है, उनको कैसे कम से कम किया जाए। इस बारे में उनके कुछ सुझाव थे, उनके सुझावों को स्वीकार करके उनके ऊपर कार्यवाही की गई जिसके चलते उनका विश्वास और भरोसा जीतने में प्रशासन कामयाब हुआ। इस कारण आज उनका मोटिवेशन लेवल बढ़ा है, उन्होंने इस चुनौती को समझा है और यही कारण है कि अब एक्सीडेंट लेवल को और नीचे करने के लिए हमने उनको प्रेरित किया और उसका लक्ष्य निर्धारित किया, जिसका उल्लेख हमने यहां पर किया है। कारपोरेट सेफ्टी प्लान में कुल मिलाकर 31,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अब कई तरह से डि – रेलमेंट होता है। उसको रोकने के लिए एक तरीका है anti-collusion device जब कोंकण रेलवे ने उसकी ईजाद की तो उसको लगाने का कार्य आरंभ हो गया है। महोदया, 20 जनवरी से वह काम शुरू हो गया है। हमारे एन.एफ. रेलवे में एक हजार सात सौ किलोमीटर से भी ज्यादा का ब्रॉडगेज़ नैटवर्क है, उसमें यह काम सबसे पहले शुरू किया गया है। हमें उम्मीद है कि इस साल के आखिर तक वह काम पूरा हो जाएगा और पूरी रेलवे में 5 साल के अंदर जितना भी हमारा ब्रॉडगेज़ नेटवर्क है, उसमें anti-collusion device लग जाएगी । इस प्रकार से जो collusion होता था, वह बीते दिनों की बात होगी।

महोदया, एक-एक करके , अगर सिस्टेमेटिक ढ़ंग से ढ़ंग-एक समस्या को टैकल करें तब शायद कहीं पहुंच पाएंगे वरना यह बहस तो चलती रहेगी । जो कोशिश की गई है, उसके बारे मे हमने बताया। अब हमारे यहां जो पहले से four wheeler tank wagons चलते है, उनमें से ज्यादातर डि-रेलमेंट हो जाते है। उसको घटाने की बात थी। हमने कहा कि क्यों घटा रहे है जबकि इनका डि-रेलमेंट होता है ? इनको बिल्कुल हटा देना चाहिए और इनकी जगह eight wheeler tank wagons आने चाहिए। तो हर इश्यू को टैकल करने की कोशिश हमने की है और उसके चलते एक प्लान बनाकर, उसके आधार पर हर डिवीजन और हर जोन में ऐक्शन प्लान बनाकर

उस पर अमल हो रहा है। अब इससे अधिक करने की मेरी क्षमता नही है और वह हयूमनली मेरे लिए पॉसिबल नही था। हमने हर इश्यू को समझने की कोशिश की, एक – एक चीज को टैकल करने की कौशिश की। अब आगे आने वाला वक्त इसको एप्रिशियेट करना चाहेगा तो करेगा लेकिन इसके नतीजे अच्छे जरूर निकलेंगे क्योंकि एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर यह काम किया गया है। इसके अलावा हमारे पास कई चीजों का समाधान नही है। उसके लिए टेक्नॉलॉजी इनपुट की जरूरत है। बाहर की टेक्नीलॉजी बहुत महंगी है, इसलिए हमें अपने यहां टेक्नॉलॉजी को डेवलप करना है। इसके लिए IIT और रेलवे का जो अनुसंधान संगठन है RDSO, इन दोनों ने मिलकर टेक्नॉलॉजी मिशन पर काम करना आरंभ किया है। उसमें 14 परियोजनाएं ली गई है। जिसमें एक परियोजना fog vision की है, जो कुहासे की स्थिति है, उसको लेकर तो कई प्रकार का काम किया जा रहा है ताकि हम low cost technology के माध्यम से सेफ जर्नी दे सकें। इसके लिए कोशिश हुई है।

महोदया, दूसरी बात है सिक्योरिटी की। अब सिक्योरिटी के लिए रेलवे मे इंतजाम है। हर राज्य, जहां से रेलें गुजरती है, वहां पर हर राज्य सरकार ने यानी G.R.P यानी Government Railway Police का गंठन किया है। कभी – कभी रेलवे पुलिस होने के कारण यह कन्फ्यूज़न हो जाता है। लोग यह समझते हैं कि यह रेलवे का पुलिस बल है – यह रेलवे का नही है , यह राज्य सरकार की पुलिस का एक हिस्सा है। राज्य सरकारो ने यह सोचकर कि रेलवे का काम अलग किस्म का है, इसके लिए अलग से एक dedicated विंग बना रखा है। GRP एक ज़माने से चली आ रही है। उसका आधा खर्च रेलवे वहन करती है। जो स्टेशन आदि पर सहूलियत देनी है, वह रेलवे देती है लेकिन मुख्य रूप से वह स्टेट पुलिस का एक हिस्सा है। हर राज्य सरकार ने उसके लिए dedicated इंतजाम किया है। यह कहना कि सुरक्षा का कोई इंतजाम ही नही किया गया है, यह ठीक नही है। सुरक्षा का इंतजाम किया गया है।

RPF जो रेलवे की है, वह रेलवे की संपत्ति की हिफाज़त के लिए है। अभी आपने संसद में मंजूरी दी है कि RPF को भी हम रेल की सुरक्षा में लगा सकें। रेल की सुरक्षा में लगाएंगे, इसका मतलब हम GRPको रिप्लेस कर देंगे, यह संभव नही है। RPF,GRP के काम में मदद कर सकती है लेकिन RPF,GRP को रिप्लेस नही कर सकती। सिक्योरिटी का काम, लॉ ऍंड ऑर्डर का काम, पब्लिक ऑर्डर का काम कांस्टीट्यूशन ने राज्य सरकारों को दिया है लेकिन रेलगाडी में कुछ हो जाता है तो लोग कहने लगते है कि रेलवे पुलिस क्या कर रही है ? रेलगाडी होने मात्र से वह यूनियन टेरिटरी नही हो जाती , रेलवे स्टेशन यूनियन टैरिटरी नही होता, रेल का डिब्बा यूनियन टैरिटरी नही होता। वह स्टेट की बाउंड्री में है और स्टेट गवर्नमेंट्स अपनी तरफ से प्रयत्न करती है। इसके अलावा अगर ट्रैक के बाहर कुछ होता है तो स्टेट की पुलिस भी लगती है और RPF उनके efforts

में सम्लीमेंट करती है। RPF टोटल काम नही कर सकती। अभी आपने संशोधन किया। उसके बाद ट्रेन की scrutiny में भी आप RPF की ड्यूटी लगा सकते है। स्टेशन आदि पर उनका deployment हो सकता है। छोटे – मोटे रेलवे ऐक्ट्स से संबंधित अपराध, महिलाओं के डिब्बे में पुरूषों का घुस जाना, बिना टिकट यात्रा करना ,छत पर चढ़कर यात्रा करना, इस प्रकार के छोटे – मोटे अपराध जिनका उल्लेख रेलवे ऐक्ट में है, उस मामले में दोषी लोगो को पकड़कर , investigate करने का काम, prosecute करने का यह काम RPF करेंगी। ताकि छोटे – मोटे अपराधों को आर.पी0एफ. टैकिल करे ताकि जी.आर.पी. और सीरियस नेचर के अपराधों को टैकिल करने में अपनी सख्ती का इस्तेमाल कर सके और दोनों के बीच में कोआर्डिनेशन रहे। क्योंकि कोआर्डिनेशन तो हर स्तर पर होता है, को ऑर्डिनेशन को तो अब हमने राष्ट्रीय स्तर पर भी कर दिया है। इस साल 15 जनवरी को हमने एक मीटिंग बुलाई। सारे जी.आर.पी.के प्रमुखों को आमंत्रित किया ,राज्यों के गृह सचिवों को बुलाया,डी.जी.पी. को बुलाया, रेलवे के सभी जोनल मैंनेजर को बुलाया, पूरा रेलवे बोर्ड बैठा और पूरी सिक्योरिटी के बारे में चर्चा की। यह जो कोसीकलां के पास घटना हुई है, यह तो बाद की घटना है। हमने तो पहले ही यह टैकिल किया है। अगर आर.पी.एफ. को हम लगाएंगे यात्रियों की सुरक्षा में या ट्रेन की एस्कॉर्टिंग में तो उनको ट्रेनिंग चाहिए। वह माल की हिफाजत तब तक करता रहे। उसका पब्लिक इंटरफेस नही है। अगर किसी को पब्लिक इंटरफेस देना है तो उससे पहले उसकी ट्रेनिंग पड़ेगी वरना अनर्थ हो जाएगा। इसलिए उनकी ट्रेनिंग हो रही है। अब बीच में चुनाव आदि आ जाएगा तो उसमें भी उनकी ड्यूटी लगती है। तो हमने कहा कि एक जुलाई से वे जी.आर.पी. के इस काम में हाथ बंटाने लगे। लेकिन याद करके रखिए कि न तो रेलगाडी यूनियन टेरिटरी है, न रेलवे स्टेशन टेरिटरी है, न सिक्योरिटी के काम में जी.आर.पी. को आर.पी.एफ. या कोई दूसरा पुलिस बल, माफ करेंगे पुलिस बल तो हो ही नही सकता, पुलिसिंग तो राज्यों की रेस्पांसिबिलिटी है लेकिन कोई सशस्त्र बल आप बनाकर के वह काम नही कर सकते हैं अगर ऐसा आप सोच रहे हैं तो अभी संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था नही है। सुप्रीम कोर्ट तक भी यह मामला गया है उसने भी डिसाइड किया हुआ है – पब्लिक ऑर्डर किसको कहते है, लॉ एंड ऑर्डर क्या है, सिक्योरिटी क्या है इन सब चीजों पर। लेकिन चूंकि रेलगाडी में हो जाता है, तो कोई जानकार लोग भी अंगुली उठाते है। यह कंस्टीट्यूशनल स्टेटस नही है। महोदया, हमने तो यह भी सोचा है क्योंकि सिक्योरिटी को लेकर के जो इतनी बात हुई, तो सेफ्टी तो हम लोगो कि जवाबदेही थी तथा जितना संभव है हमने किया है सिक्योरिटी के मामले मे राज्यों के जो एफट्र्स है यहां से भी जो उनको सम्लीमेंट किया जा रहा है कि क्या संवैधानिक व्यवस्था है, क्या हो रहा है सब चीजों को मिला करके हमारी कोई इच्छा है, हमारा कोई विचार है कि इस पर भी जो एक स्टेटस नोट है वह हम तैयार करें और देश के लोगो को बताएं। एक भ्रम फैल जाता है। इस घटना की निंदा हो – किसी ने चलती गाडी से उठाकर किसी को फैंक दिया। यह एक अपराध है, जघन्य अपराध है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उस समय कभी – भी मन में यह बात नही आती

है कि कितने लोग बैठे हुए थे ।कितना इन – सेंसेटिव होता जा रहा है हमारा समाज । संवेदनहीन होते चले जा रहे है । तो इस प्रकार से एक अभियान चलाने की जरूरत है । सारे राजनीतिक दल के लोग मिल करके, सारे राजनीतिक दल के अध्यक्ष, उनके नेता वक्तव्य दें कि रेल में हर यात्री एक दूसरे की मदद करे, सुरक्षा होनी चाहिए और सब चीज को गियर – अप करे । एक तरह से कह सकते है कि आज तो हर पार्टी कहीं न कहीं राज्य में है, कोई केन्द्र में है । सब पार्टी कहीं न कहीं रूलिंग पार्टी है या रूलिंग पार्टी रह चुकी है । तो उस हालत में सबको मिलकर संवैधानिक स्थिति को समझ करके उस पर कारगर कदम उठाना चाहिए और उस तरह की घटनाओं की निंदा करनी चाहिए ।

شری خان غفران زاہدی : ہماری پارٹی نے بیان دیا اس پ

† **श्री खान गुफरान ज़ाहिदी** : हमारी पार्टी ने बयान दिया उस पर ।

**श्री नीतीश कुमार** : बहुत धन्यवाद ।

अन्त में, हम दो – तीन बातों का उल्लेख करेंगे, हम ज्यादा वक्त अब नही लेंगे । जहां तक प्रीजेक्ट का सवाल है, 5 साल के अंदर सारे प्रोजेक्ट पूरे हों इसलिए सुदूर क्षेत्र रेल संपर्क योजना की बात हमने की है । हमने कई इनीशिएटिव लिए है । इसके चलते ज्यादातार प्रोजेक्ट 5 साल के अंदर पूरे होंगे । लेकिन फिर भी लगभग 17 हजार – 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट जो बैकवर्ड एरिया को लिंक करने वाले हैं वे पूरे नही हो रहे थे । इसलिए हमने वित्त मंत्री जी से चर्चा की, प्रधान मंत्री जी ने इसको स्वीकार किया और वित्त मंत्री जी ने इसको स्वीकार किया और तब हमने सुदूर क्षेत्र रेल सम्पर्क योजना की बात कही है । 5 साल के अंदर 43 हजार करोड़ रूपए की लागत से पूरे होने वाले 230 रेलवे प्रोजेक्ट अगर 5 साल में पूरे कर दिए जाएं , हमने यह संकल्प व्यक्त किया तो क्या गुनाह किया । सब लोग तो यही कहते हैं कि हमारे प्रोजेक्ट में पैसा कम मिल रहा है । अगर सब प्रोजेक्ट पूरे हो जाएं तो किसी को कोई शिकायत नही रहेगी ।

**श्री नीलोत्पल बसु** : मैडम, एक चीज स्पष्ट कर दीजिए कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीतीश कुमार** : पहले हमारी बात पूरी हो जाए ।

**श्री नीलोत्पल बसु** : आप कब करेंगे, यह क्या वोट ऑन एकाउंट में शामिल करने वाली बात है ...(**व्यवधान**)... वह तो ठीक नही है । ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीतीश कुमार** : यह प्रोजेक्ट्स के मामले में 230 ...(**व्यवधान**)...

**श्री लालू प्रसाद** : मैडम, माननीय रेल मंत्री श्री नीतीश जी बिहार से आते है । इन्होंने बिहार में बहुत अच्छा काम भी किया है । हम इसकी सराहना भी करते है और जहां आलोचना की जरूरत

†Transliteration of Urdu Speech.

होती है वहां आलोचना भी करते है। आपने जो जनशताब्दी कोलकाता जाने वाली चलायी है या पटना से कोलकाता शताब्दी, उसके चेयर को, उसके रख – रखाव को, उसके डिब्बे को जाकर देख लीजिए। अवध – आसाम से मैं गया इस बार सिवान उतर कर के, हाजीपुर से, टू एसी में आप देखिए कितनी गंदगी है,कितनी गंदी ट्रेन है, कितना गंदा डिब्बा है, चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ था, बदबू आ रही थी, उसके लिए तो कम से कम कोई इंतजाम की जिए। आप बिहार से आते है। आप वहां के लिए काम करिए। आपने काम किया है जो आपकी प्रशंसा हम लोग करते है। आपको वोट में तो हरायेंगे ही, यह काम तो करना ही है। लेकिन इसके लिए कोई इंतजाम कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीतीश कुमार** : महोदया, लालू जी ने जो सुझाव दिया है। आपने शताब्दी में यात्रा की होगी। अब उसकी जगह पर जनशताब्दी चलाई गई है चूंकि शताब्दी का एक्युपेंसी पर्याप्त नही था इसलिए जनशताब्दी चलायी गयी है। फिर भी, मैं तत्काल निर्देश दूंगा। अवध – आसाम की चर्चा आपने की है। जहां तक सवाल है चुनाव में हराने और जिताने का तो तीन बार से आप हमको हरा ही रहे है, लेकिन हम सदन में आ ही रहे है। इसकी चिंता हमको ज्यादा नही है। जनता मालिक है और न हम गुमान के साथ कोई वक्तव्य देते हैं। ...(**व्यवधान**)... साफ – सुथरा तो होता ही रहेगा।

(**सभापति महोदय पीठासीन हुए।**)

हमने सारे प्रोजेक्ट को पूरा करने की चर्चा की है। सुदूर क्षेत्र रेल सम्पर्क योजना की बात कही है इससे इकानामी को काफी बल मिलेगा, एम्पलायमेंट जेनरेट होगा। प्रतिदिन औसतन तीन लाख लोग काम करते रहेंगे। परियोजनाएं पूरी हो जायेंगी तो हर साल 18 हजार करके इंक्रीमेंटल लोगो को स्थाई काम भी मिलेगा, चूंकि रेलवे का एक्सपेंशन भी होगा जो हमने बात की है उससे 9 हजार किलोमीटर अतिरिक्त नई लाइनें डाली जायेंगी, तो इस तरह से बड़े पैमाने पर एक एक्सपेंशन होगा। लोगो के मन में जो असंतोष का भाव रहता है वह पूरा होगा। जब हम सुदूर इलाके की बात करते हैं तो उसमें पूर्वोत्तर के इलाके भी आते है।

अब जम्मू – कश्मीर के प्रोजेक्ट के बारे में सोज साहब ने कहा है। ऊधमपुर के बारे में उन्होंने बधाई दी है। ...(**व्यवधान**)... हम तो बाइंड अप करने जा रहे है। सोज साहब ने कश्मीर का मसला उठा दिया है, खास मसला उठाया है इसलिए हम बता दें। मैंने पहले भी एक्सप्लेन किया है और आज भी मैं उसको दोहरा देना चाहता हूं कि ऊधमपुर से बारामूला तक की जो परियोजना है उसे रेलवे ने तीन खंड में बांटा है निर्माण की दृष्टिकोण से। वह है ऊधमपुर से कटरा, कटरा, से काजीगुंड, काजीगुंड से बारामूला। लक्ष्य तो निर्धारित हुआ है , ऊधमपुर से कटरा और काजीगुंड से बारामूला तो हम 2005 तक ही पूरा करने की स्थिति में है लेकिन कटरा से काजीगुंड का जो सेक्शन

है, वह बहुत ही डिफीकल्ट टेरेन है, इसको आप भी जानते है उसको पूरा करने का लक्ष्य 2007 का रखा गया है । यह पूरे प्रोजेक्ट के बारे में है। धन का इंतजाम उसके लिए अलग से हो रहा है और उस काम में लोग तेजी से लगे हुये है। मैं इतना ही आपको आश्वस्त कर सकता हूं । यह कठिन काम है, लेकिन इसको जरूर करेंगे । शुरू में जमीन मिलने में कठिनाई थी, लेकिन अब जमीन भी मिल रही है और उस पर तेजी से हमारे इंजीनियर्स और हमारी एजेंसी काम कर रही है और पूरी की पूरी जम्मू – कश्मीर की जनता का सहयोग हमें मिल रहा है। हम तो खुद ही गये थे। जमीन के कम्पनसेशन के डिसबर्समेंट के लिए मुख्य मंत्री जी ने कहा था मुझको भी कि आप भी उपस्थित रहे। मैंने लोगों का रूझान देखा, लोगो को उम्मीद है, लोगों के मन में आशा है कि जरूर रेलवे प्रोजेक्ट होगा और मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि जम्मू – कश्मीर का वह रेलवे प्रोजेक्ट ऊधमपुर से लेकर बारामूला तक जरूर बनेगा और उसको अलग से सरकार ने नेशनल प्रोजेक्ट घोषित किया है, उसके लिए अलग से धन देना शुरू किया है और जो टारगेट रखा गया है, उस टारगेट की क्लोज मानीटरिंग हो रही है, मैं स्वयं उसकी मानीटरिंग करता हूं। मुझे उम्मीद है कि अब तक कोई बात हमारे सामने ऐसी नही आई है कि हम कहें कि टारगेट खिसकेगा। इसलिए मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं। नई ट्रेन सर्विसेज के बारे में कुछ शिकायत हो गई कि साहब आप ट्रेन तो नई चला दे रहे हैं लेकिन जो पुरानी ट्रेन हैं उनको ही चला नही पाये हैं ऐसा किसी माननीय सदस्य ने कह दिया है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे** : मैंने कहा था।

**श्री नीतीश कुमार** : शायद आपने कहा था। हमने बजट में पचास नई ट्रेनों के चलाए जाने की घोषणा की थी ,उसमें से 44 ट्रेनें चलायी जा चुकी है। 6 नही चली है। उनमें से एक तो आठ तारीख को चल जाएगी। यह आठ तारीख को चलाने जा रहे है यशवंतपुर से लेकर नई दिल्ली के बीच। इसके अतिरिक्त इलाहाबाद – हरिद्वार एक्सप्रेस 16 फरवरी को चलेगी। अलीपुरद्वार – सिलीगुडी पेसेंजर, न्यू जलपाईगुडी – सिलीगुडी पेसेंजर दो है। यहां पिट लाइन का काम चल रहा है, यार्ड कनेक्शन का काम चल रहा है, उसके चलते वह पूरा होने पर चलेगी और यही कहा गया था कि पूरा होने पर चलेगी – उसका काम चल रहा है भावनगर - अहमदाबाद एक्सप्रेस की बात थी, गेज कनवर्शन के बाद वह मार्च, 2004 में चलेगी। भावनगर – मुम्बई एक्सप्रेस – आफ्टर गेज कनवर्शन हमारे बजट अनाउंसमेंट में था, और वह मार्च, 2004 में चलेगी। यानी पचास में से 44 चल पडी है। दो और इसी महीने चल पड़ेगी और बाकी तीन का संबंध कुछ कामों से है । वह पूरा हो जाएगा और मार्च से पहले वे चल पड़ेगी, इसमें कोई शक की गुंजाइश नही है । इसी प्रकार से हमने 24 के ऐक्सटेंशन की घोषणा की थी। 21 ऐक्सटेंशन ...(**व्यवधान**)... आपका प्रश्न दूसरा है, वह अलग है। अगर सदन ने इजाजत दी तो मैं आपके प्रश्न का भी उत्तर देने के लिए तैयार हूं लेकिन इससे उसका संबंध नही

हैं यह बजट अनाउंसमेंट्स की बात है, कृपया ध्यान से सुन लीजिए । 24 ऐक्सटेंशन का हमने ऐलान किया था, उसमें से 21 ऐक्सटेंशन हो गए है । तीन बचे है जिसमें से गेज कनवर्शन के बाद है – जबलपुर – राजकोट, अप टू बेराबर, आफ्टर गेज कनवर्शन, चेन्नई – ऐग्मोर – वैल्लूपुरम पैसेंजर टू पांडीचेरी गेज कनवर्शन का है । मानिकपुर – कटरा पैसेंजर है, अभी प्रधान मंत्री जी सात तारीख को उदघाटन करने जा रहे है, उस दिन चल पड़ेगी । इस प्रकार से इन्क्रीज़ इन फीक्वेंसी ...(**व्यवधान**)...

**श्री वी. नारायणसामी** (पांडिचेरी) : पांडिचेरी का हुआ था, ब्रॉडगेज लाइन । ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीतीश कुमार** : वह चलेगी, मार्च के पहले चलेगी । यह टारगेटिड है । पांडेचेरी तक की लाइन का काम हो रहा है ।

**श्री वी. नारायणसामी** : सर, आपका रेलवे बुलेटिन आया और न्यूज़ आयी कि जनवरी में उदघाटन कर रहे है ।

**श्री नीतीश कुमार** : वह तो जब हो जाता है तो उसको सेफ्टी ऍंगल से ऐक्ज़ामिन भी करना पड़ता है । ...(**व्यवधान**)... क्योंकि सवाल उठा दिया । एक इनक्रीज़ इन फ्रीक्वेंसी था – 13 का । 12 का हो गया है, फेरे बढ़ा दिये गये है । एक गाडी बची है – सिकंदराबाद – राजकोट, बाई वीकली टू ट्राई वीकली – यह 2 मार्च से होने जा रहा है । अगर बजट में कोई घोषणा होती है तो ये पूरे वित्तीय वर्ष के लिए अनाउंसमेंट्स होते है । इसके अलावा बजट के अतिरिक्त भी, जिनका उल्लेख हमने बजट में नही किया था, नई सर्विसिज़ दस अतिरिक्त चलाई गई है । 12 का ऐक्सटेंशन किया गया है, एक की फ्रीक्वेंसी बढाई गई है । 12 एमईएमयू, डीएमयू चलायी गयी है इस प्रकार से बजट घोषणा के अनुपालन की स्थिति क्या है उसका उल्लेख करने के बाद आपकी जानकारी के लिए मैं बता दूं कि 35 और सेवाएं चलाई गई है । यही नही, 4-5 सेवाएं और चलाने का विचार है – इसी 31 मार्च से पहले । एक है, हरिहर क्षेत्र से पुरू क्षेत्र को जोड़ने के लिए – सोनपुर से अंबाला तक – यह 9 फरवरी से शुरू हो जाएगी । कोल्हापुर से निजामुद्दीन – यह मार्च के आखिरी सप्ताह मे से हो जाएगा ,इसकी घोषणा हम कर चुके है। लातुर से मुम्बई- यह 20 मार्च से होगा । इसी प्रकार यशंवतपुर – बीजापुर वीकली – यह 18.3.2004 से वीकली से ट्राई वीकली करके चलेगी । फिर अहमदाबाद से मुजफ्फरपुर एक ट्रेन चलती है,अहमदाबाद में मांग है, दरभंगा में मांग है – एक दिन उसका ऐक्सटेंशन दरभंगा तक किया जाएगा । 35 के अलावा पांच और का मैंने बता दिया है । पहले ही जितनी सर्विसिज़ की घोषणा थी, उसका स्टेट्स हमने बता दिया है । इस प्रकार से इतना सब कुछ किया गया हैं हमने कहा, 18 संपर्क क्रांति चलेंगी । नए वित्तीय साल में 17 और इस वित्तीय वर्ष में एक चलेगी । आखिरकार, घोषणा करनी पड़ती है, उसके लिए पहले से तैयारी होती है हमारी कोच फैक्टरी है । हम अगर अभी

तय नही करेंगे कि हम कितनी ट्रेनें अगले साल चलाएंगे तो कोचिंग स्टॉक हम कितना मैनुफैक्चर करना चाहते है, उसका प्लान कैसे बनाएंगे ? उसके लिए हमने किया और संपर्क क्रांति हर राज्य को मिल गई, यह तो खुशी की बात है। ...(**व्यवधान**)... समस्तीपुर से आज नई दिल्ली आएगी – बिहार संपर्क क्रांति। इस प्रकार से हमने ट्रेनों की स्थिति की चर्चा की। मैं समझता हूं ...(**व्यवधान**)... Barth का पॉवर प्लांट रेलवे का है ? Barth का पॉवर प्लाटं रेलवे का नही है, एनटीपीसी का है, रेलवे और एनटीपीसी मिलकर नबीनगर में, जो औरंगाबाद जिले में है – बिहार का – उसके साइट का सलैक्शन हुआ है। एक हजार मैगावाट का पॉवर प्लांट लगाएगी। उसके लिए सारा तैयार होकर वह पी.आई.बी. जो होता है, उसमें गया हुआ है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री लालू प्रसाद** : हरनौत वाले कारखाने के बारे में भी बोलिए।

**श्री नीतीश कुमार** : वह तो हो ही रहा है।

**श्री लालू प्रसाद** : कहां हो रहा है।

**श्री नीतीश कुमार** : सारा काम शुरू हो गया है। जाकर देख लीजिए। अब आप क्या-क्या भाषण देकर आते है, वह भी हमको मालूम है। वह सब कुछ चलने वाला नही है। हम भी चलकर पूछने वाले हैं आपके बारे में ?

SHRI N JOTHI: Sir, can we call the Indian Railways as the Bihar Railways ?

SHRI NITISH KUMAR : Not at all! You cannot call it the Bihar Railways. *(Interruptions)* I have proved it. You may have something else in your mind. You cannot accuse *...(Interruptions)* Nothing. *(Interruptions)* I challenge you to prove it. *(Interruptions)* I challenge you to prove it. (Interruptions) Nothing proves *...(Interruptions)...*You may say something irrelevant. *(Interruptions)...* You may say anything out of context. *(Interruptions).*

SHRI N. JOTHI: Tamil Nadu is the most neglected. *(Interruptions)*

SHRI NITISH KUMJAR: No State is neglected. अब पांच साल के अंदर सारे प्रोजेक्ट पूरे होंगे ...(**व्यवधान**)...

SHRI N. JOTHI: We are not above India. *(Interruptions)*

SHRI NITISH KUMAR: I fail to understand, I was talking ...*(Interruptions)...* He is not using his earphone. That is the basic problem. I was speaking in Hindi. *(Interruptions)* You use your earphone to understand my speech. *(Interruptions)* I take strong objection to his statement. *(Interruptions)* I have not been talking about Bihar for the last half-an-hour. And, you are accusing me that I have been talking about Bihar. I have been talking about whole Indian Railways. *(Interruptions)* You had not used your earphones. *(Interruptions)* And, all of a sudden you stand up and say that I have been talking about Bihar for the last half-an-hour. *(Interruptions)* I have not been talking about Bihar. J have been talking about whole Indian Railways. *(Interruptions).*

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. *(Interruptions)* Please take your seat. *(Interruptions)*

SHRI NITISH KUMAR: I am very sorry to say so. *(Interruptions)* I have not been talking about Bihar. *(Interruptions)* You have not been following my speech. *(Interruptions)* Now, you just get up and accuse anything. *(Interruptions)* The whole House has been listening. *(Interruptions)* सर, इन्हीं शब्दों के साथ जो कुछ भी हमने कोशिश की है, ज्यादा से ज्यादा माननीय सदस्यों ने जो ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : आप तो बोलते जाइए। आप बोलिए।

**श्री नीतीश कुमार** : सभापति महोदय, अभी हमने अपने सप्लीमेंटरी डिमांड्ज़ में नौ नए प्रोजेक्टस की बात की है। उसमें से रंगिया मुरगुन सेलेक 500 किलोमीटर का गेज कनवर्ज़न उसमें शामिल किया गया है मणिपुर के लिए जिरेबाम से इंफाल तक की नई रेल लाइन परियोजना को उसमें शामिल किया है। नौ प्रोजेक्टस की बात की है जिसमें से दो तो नॉर्थ – ईस्ट की ही है। इन्ही शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Please take your seat. (Interryptions) Please take your seat . (Interruptions) माननीय सदस्य बैठ जाएं। बहुत हो गया है। अब आपको ... बैठिए....बैठिए.... प्लीज़ बैठिए। लालू जी नही कह रहे है। ...सबको बैठने के लिए रेल की सुविधा मिल रही है, चलिए आगे। Shri Nitish Kumar to move the motion for consideration of the following Bills ...*(Interruptions)...*